पूर्ववर्ती मामलों को देखते हुए यह प्रमाणित है कि सीबीईसी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली आवश्यक अभिलेख निर्धारित करने, निर्धारित अभिलेखों में अनुरक्षण प्रणाली, संबंधित स्तर पर अभिलेखों की लगातार निगरानी, आंतरिक लेखापरीक्षा द्वारा साथ-साथ विश्लेषण और पाई गई टिप्पणियों पर सुधारात्मक कार्रवाई करने में उतना प्रभावी नहीं है।

3.45 निष्कर्ष

लेखापरीक्षा आपत्तियां सीमाशुल्क राजस्व वाले माल सहित बोर्ड द्वारा जारी निर्देश अथवा अधिनिययम के प्रावधानों, अधिसूचनाओं की शर्तों के गैर-अनुपालन वाले मामलों में देखी गई ₹ 308.26 करोड़ की अनियमितता वाले केवल 26 प्रतिशत व्यापार अंतरण पर आधारित है।

आईसीईएस प्रणाली, सीमाशुल्क अंतरण की प्रक्रिया में जिसका उपयोग किया जाता है, वर्तमान में बांडों को प्रबंधित करने के साथसाथ पुनर्निर्यात मामलों - नहीं है। आईवस्थाके प्रबंधन की व्यसीईएस में लगभग 25% व्यापार करने वाली सेज, ईओयूज़ से पुनर्निर्यात के मामलों को संग्रहीत नहीं किया गया। इसी प्रकार, प्रणाली स्तर पर पुनर्निर्यातअनुपालन द्वारा -पुनर्आयात के गैर/ कि डीजीएफटीप्रभावित लाइसेंस शर्तों को संयोजित नहीं किया जा सका क्यों आ (ईडीआई)ईसीईएस से नहीं जुड़ा था। इसके अतिरिक्त, आईसीईएस में यह सत्यापन जांच नहीं है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि संबंधित अधिसूचनाओं के तहत लाभ अपात्र आयातकोंनिर्यातकों को नहीं दिया गया / था, अथवा पुनर्निर्यात बांड को रद्द करने के परिणामस्वरूप कमियों को ठीक किया गया था उन पुनर्निर्यातित वस्तुओं के साथ आयातित कंटेनर मेल नहीं खाते थे, पुनर्निर्यात दस्तावेजों की देर से प्रस्तुति और बांड का गैरसमापना - किया गया था।

अध्याय IV

सीमाशुल्क राजस्व का निर्धारण

अभिलेखों की नमूना जांच (अगस्त 2010 से मार्च 2014) से हमने ₹ 53.65 करोड़ के राजस्व निहितार्थ वाले सीमा शुल्क के गलत निर्धारण के कुछ मामले पाए। उनका वर्णन निम्नलिखित पैराग्राफों में किया गया है।

जाली और जालसाजी वाले दस्तावेजों के आधार पर संस्वीकृत टीईडी प्रतिदाय राशि की वसूली न करना

4.1 विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 20004-09 के पैराग्राफ 8.3 (सी) के अनुसार मुख्य/उप ठेकेदार द्वारा माल की आपूर्ति, जो कि एफटीपी के पैराग्राफ 8.2 की शर्तों में माने गए निर्यात के रूप में योग्य है, प्रक्रिया की हैंडबुक (एचबीपी) खण्ड–I में निर्धारित निबंधन एवं शर्तों के अध्ययधीन टर्मिनल उत्पाद शुल्क (टीईडी) के प्रतिदाय के लाभ के लिए पात्र है। एचबीपी, खण्ड-I के पैराग्राफ 8.3.1 (iv) के प्रावधानों की शर्तों में, एफटीपी के पैराग्राफ 8.2 (डी) से 8.2 (जे) में उल्लिखित वर्गों के अन्तर्गत आपूर्तियों (माने गए निर्यात) के संबंध में टीईडी प्रतिदाय के लिए दावे को या तो प्रभावित आपूर्तियों के सबूत या प्राप्त भुगतान के आधार पर फाइल किया जा सकता है।

ऐसे दावे के समर्थन में प्रयोग किए गए आवेदन या दस्तावेजों में यदि कोई गलत या जाली या भ्रामक विवरण पाया जाए तो भविष्य में आगे योजना का लाभ देने से इनकार सहित विदेश व्यापर (विनियम) नियमावली 1993 के नियम 7 के अन्तर्गत दंडात्मक प्रावधान लगाया जाएगा। इन प्रावधानों को लागू करने के लिए महानिदेशालय, विदेश व्यापार, नई दिल्ली ने "डिनाइड एन्टीटीज लिस्ट (डीईएल) के अनुरक्षण के लिए दिशानिर्देशों" के पैराग्राफ 3 के अन्तर्गत निर्देश जारी किए (31 दिसम्बर 2003) ताकि निम्न कार्रवाही प्रांरभ की जा सके:

(क) जाली/जालसाजी के लिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत स्थानीय पुलिस को शिकायत करना

(ख) फर्म को डीईएल में रखने की कार्रवाई के बाद जांच/अधिनिर्णय के लिए प्रवर्तन डिविजन को फाइल अन्तरित करना

(ग) फर्म के आईई कोड का स्थगन और

(घ) कार्यालय प्रमुख द्वारा मामले की जांच और मुख्यालय को 15 दिन के अन्दर रिपोर्ट यह दर्शाते हुए प्रस्तुत करना कि इस जालसाजी में किसी अधिकारी के सहयोग हेतु मिलीभगत शामिल है।

मै. सेनबो इंजीनियरिंग लि. कोलकाता को 2008-09 और 2009-10 के दौरान मै. दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन लि. (डीएमआरसी) को परियोजना प्राधिकारी प्रमाणपत्र और श्री एस.एस. पदमानावन, मुख्य अभियन्ता द्वारा परियोजना प्राधिकारी (अर्थात डीएमआरसी) की ओर से जारी/हस्ताक्षरित भुगतान के प्रमाणपत्र के आधार पर की गई आपूर्तियों के लिए कई मामलों में अपर डीजीएफटी, कोलकाता द्वारा टीईडी के प्रतिदाय की संस्वीकृत की गई थी। तथापि, डीजीएफटी कार्यालय द्वारा दस्तावेज के अनुवर्ती सत्यापन से पता चला कि आवेदक द्वारा दावा किए गए टीईडी का प्रतिदाय की जाली और नकली दस्तावेजों के आधार पर किया गया था क्योंकि मैं डीएमआरसी ने पुष्टि की कि परियोजना प्राधिकार प्रमाणपत्र और भुगतान का प्रमाणपत्र उसके द्वारा जारी नहीं किया गया था और श्री एस पदमानावन कभी भी मै. डीएमआरसी में नियुक्त नहीं हुआ था। तदनुसार, डीजीएफटी, कोलकाता ने 10 मामलों में आवेदक को कारण बताओ नोटिस इन निर्देशों के साथ जारी किया कि जालसाजी से लाभ लेने के लिए 15 प्रतिशत ब्याज सहित प्रदत्त टीईडी की राशि की वापसी की जाए। "डीनाइड एनटीटीज लिस्ट के अनुरक्षण हेतु दिशानिर्देशों" के पैराग्राफ 3 के अनुरूप कार्रवाई अभिलेखों पर उपलब्ध नहीं थी।

तथापि, आगे संवीक्षा से पता चला कि अन्य आठ मामलों के संबंध में ₹ 4.43 करोड़ की राशि के टीईडी का प्रतिदाय, दावे जो उसी व्यक्ति (श्री एस. पदमनावन, मुख्य अभियन्ता, जैसा ऊपर उल्लिखित है) द्वारा हस्ताक्षरित समान दस्तावेजों द्वारा संलग्न थे, न तो कोई एससीएन/मांग नोटिस जारी किए गए थे और न ही विदेश व्यापार (विनियम) नियमावली, 1993 के नियंम 7 में परिकल्पित कोई कार्रवाई की गई थी और' फर्म के विरद्ध दिनांक

31 दिसम्बर 2003 की डीजीएफटी निर्देश/दिशानिर्देश प्रारंभ किए गए। फर्म को 10 अक्तूबर 2014 को डीईएल पर रखा गया था।

ध्यान दिलाए जाने पर (मई 2014/जुलाई 2015) डीजीएफटी, नई दिल्ली, वाणिज्य मंत्रालय ने सूचित किया (अगस्त 2015) कि मै. सेनबो इंजीनियरिंग लि. से एक मामले में ₹ 19.33 लाख की वसूली के अलावा (जून 2014) अन्य नौ मामलों में आर्डर-इन ओरिजिनल जारी किया गया है (जून 2015)। बाकी के नौ मामलों में फर्म को उनके ब्याज और शुल्क के प्रतिदाय के निवेदन के अनुसार 30 सितम्बर 2015 तक का समय दिया गया है। तथापि, आईपीसी के अन्तर्गत प्रारंभ की गई कार्रवाई या ऐसे जाली दावों से बचने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई के लिए जांच करने के बारे में उत्तर मौन है।

तथ्य यह रह जाता है कि न तो विभाग ने प्रासंगिक कानून के तहत सुधारात्मक कार्रवाई प्रारंभ की या धोखाधडी जारी रखने में अधिकारियों की मिलीभगत, यदि कोई हो तो का पता लगाने के लिए उपरोक्त दिशानिर्देशों के तहत यथा अपेक्षित जांच की। इसके कारण राजकोष को हानि हो सकती है और भविष्य में ऐसे मामलों के घटने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

सीमाशुल्क लागत वसूली प्रभारों की वसूली न होना

4.2 भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, नई दिल्ली के दिनांक 1 अप्रैल 1991 के पत्र सं. ए 11018/9/91 प्रशा. IV द्वारा लागत वसूली आधार पर सृजित पदों के संबंध में लागत की वसूली मासिक औसत लागत जमा डीए, सीसीए, एचआरए और परिवहन भत्ते इत्यादि की अग्रिम में 1.85 गुणा की समान दर पर वसूली के निर्देश दिए गए थे।

इसके अलावा, दिनांक 17 अक्तूबर 1997 के सीबीईसी परिपत्र सं. 52/1997-सी.शु में प्रावधान किया जाता है कि सीमा शुल्क कमिश्नर उक्त संरचना में वास्तव में तैनात स्टाफ की संख्या के लिए अग्रिम लागत वसूली प्रभारों के जमा को स्वीकार करेगा। स्टाफ के लिए तीन महीनों के लिए अग्रिम जमा हो सकती है।

आईसीडी दादरी और सीमा शुल्क कमिश्नरी नोएडा के अन्तर्गत लोनी के अभिलेखों की लेखापरीक्षा जांच से पता लगा कि दो कन्टेनर फ्रेट स्टेशनों के संरक्षकों (सीएफएस) अर्थात सीएमए सीजीएम, लोजिस्टिक पार्क और आईसीडी दादरी में आल कार्गो लोजिस्टिक पार्क लि. और आईसीडी, लोनी के संरक्षक ने क्रमशः अप्रैल 2013 से मार्च 2015 की अवधि के लिए ₹ 3.35 करोड़ और अप्रैल 2012 से मार्च 2015 के लिए ₹ 4.02 करोड़ के लागत वसूली प्रभारों का भुगतान सीमा शुल्क को नहीं किया गया था। तथापि विभाग ने संरक्षकों से देयों के संग्रहण के लिए कोई कार्रवाई नहीं की थी।

इस पर ध्यान दिलाए जाने पर (जून 2014 से अप्रैल 2015) विभाग ने कहा (मार्च/मई 2015) कि सभी तीन संरक्षकों के अनुरोध दिनांक 12 सितम्बर 2015 की एफ सं. 434/17/2004-सीशु iv के सीबीईसी निर्देशों के तहत छूट के लिए सीबीईसी के पास लम्बित हैं और अतः वह विभाग को लागत वसूली प्रभारों का भुगतान नहीं कर रहे थे। यद्यपि, उन्हें नियमित रूप से लागत वसूली प्रभारों को जमा करने को कहा जा रहा है। आईसीडी दादरी के मामले में, यह भी बताया गया है कि राजस्व की सुरक्षा के लिए, दोनों संरक्षकों ने वचनबद्धता प्रस्तुत की है कि लागत वसूली प्रभारों के सभी बकाया का अधित्याग तिथि तक उनके द्वारा भुगतान किया जाएगा।

दिनांक 12 सितम्बर 2005 की एफ सं. 434/17/2004-सी.शु iv के पैराग्राफ के दृष्टिगत विभाग का उत्तर स्वीकार्य नहीं है जो स्पष्ट रूप से निर्धारित करता है कि लागत वसूली प्रभारों का अधित्याग प्रत्याशित होगा जिसमें पिछली अवधि के लिए कोई दावा नहीं होगा। इसके अलावा, परिपत्र सं. 52/1997-सी.शु अनुबंध करता है कि स्टाफ के लिए तीन महीने का अग्रिम जमा किया जाना चाहिए। अतः वचनबद्धताओं के आधार पर देयों को जमा करने में संरक्षकों के शिथलन के लिए कोई सांविधिक प्रावधान नहीं है।

सहायक कमिश्नर, नौयडा सीमाशुल्क कमिश्नरी ने सूचित किया (अक्टूबर 2015) कि मैसर्स सीएमए सीजीएम लोजिस्टिक पार्क और मैसर्स आल कार्गोलोजिस्टिक पार्क लिमिटेड ने 2013-14 की अवधि के लिए क्रमश: ₹ 50 लाख और ₹ 29 लाख का भुगतान किया था।

शेष अवधि के लिए लागत वसूली प्रभार अभिरक्षकों से वसूली योग्य हैं।

मंत्रालय को मामला जुलाई 2015 में भेजा गया था उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

एमओटी दरों का संशोधन न करने के कारण सीमाशुल्क पर्यवेक्षण प्रभारों की कम वसूली

4.3 मर्चेंट ओवरटाइम (एमओटी) प्रभारों में 5$^{वें}$ वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन के बाद केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन में 3 से 3.5 गुणा वृद्धि के परिणामस्वरूप 1968 के विनियमों में निर्धारित मौजूदा दरों के संशोधन द्वारा अक्तूबर 1998 से 100 प्रतिशत से अधिक तक वृद्धि हुई थी।

अगस्त 2008 में 6$^{वें}$ वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन के बाद 5वें वेतन आयोग में निर्धारित वेतन की तुलना में केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के मूल वेतन में दोबारा 2.42 से 3.23 गुणा तक वृद्धि हुई थी। तथापि, बोर्ड द्वारा अभी तक एमओटी दरों का तदनुरूपी संशोधन नहीं किया गया और तदनुसार एमओटी प्रभार अभी भी सितम्बर 1998 में निर्धारित दरों पर लगाए जाते हैं। बोर्ड ने वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन पर वेतनमानों के संशोधन के उपरान्त एमओटी दरों के आवधिक संशोधन पर विचार नहीं किया।

कोलकाता (पोर्ट) कमिश्नरी के अन्तर्गत अपर कमिश्नर सीमा शुल्क, मिनी कस्टम हाउस, हल्दिया के कार्यालय में एमओटी संग्रहण अभिलेखों की संवीक्षा से एमओटी फीस का संशोधन न होने के कारण अप्रैल 2013 से मार्च 2014 के दौरान ₹ 712.07 लाख तक के सीमा शुल्क पर्यवेक्षण प्रभारों की कम वसूली का पता चला।

जब हमने इस पर ध्यान दिलाया (अक्तूबर 2014) सहायक कमिश्नर, सीमाशुल्क मिनी कस्टम हाउस, हल्दिया ने कहा (जनवरी 2015) कि एमओटी फीस के संशोधन के संबंध में अभी उच्च प्राधिकारी से कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुए है।

वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, सीबीईसी ने 2014 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं. 12 (लेखापरीक्षा पैरा सं. 4.6 डीएपी ए102/2012-13) में उदभूत लेखापरीक्षा आपत्ति के लिए अपनी की गई कार्रवाई टिप्पणी में कहा (जुलाई 2015) कि एमओटी प्रभारों के संशोधन का मामला विचाराधीन है।

तथ्य यह रह जाता है कि एमओटी प्रभारों के संशोधन पर अनिर्णय के कारण कम दर पर वसूली हो रही है।

मंत्रालय को मामला सितम्बर 2015 में बताया गया था, उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

नियमों और अधिसूचना में अपर्याप्त संशोधन के परिणामस्वरूप सेनवेट क्रेडिट का गलत लाभ लेना

4.4 भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग (टीआरयू-1) ने दिनांक 28 फरवरी 2011 (बजट के दिन जारी) के अपने डीओ पत्र के क्रम सं. 4.3 (बी) के साथ पठित क्रम सं. 4.1 के द्वारा लगभग 130 प्रविष्टियों से केन्द्रीय उत्पाद शुल्क से छूट वापिस ली, जैसा कि दिनांक 1 मार्च 2011 की केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिसूचना सं. 1/2011-सीई में समाविष्ट है और इन मदों पर 1 प्रतिशत (मार्च 2012 में बाद में संशोधित कर 2 प्रतिशत) का नाममात्र का शुल्क इस शर्त के साथ प्रारंभ किया कि ऐसी मदों पर प्रदत्त शुल्क का कोई क्रेडिट इनपुट के रूप में उपयोग नहीं किया जाएगा और इनपुट सेवाओं को लिया जाएगा। तदनुसार 1 प्रतिशत योजना के कार्यान्वयन के लिए एक परन्तुक 1 मार्च 2011 को सेनवेट नियमावली 2004 के नियम 3 (1) (i) के नीचे शामिल किया गया था जिसमें ऐसे माल पर सेनवेट क्रेडिट अननुमत किया गया था। टैरिफ शीर्ष सीटीएच 2701 के अन्तर्गत वर्गीकरणीय 'कोयला' उपरोक्त अधिसूचना सं. 1/2011-सीई (अधिसूचना की क्रंम सं. 28) द्वारा अननुमत सेनवेट क्रेडिट की 130 मदों में से एक होने के नाते भी सेनवेट क्रेडिट के लिए पात्र नहीं था।

तत्पश्चात, 'कोयला' दिनांक 17 मार्च 2012 (यथा संशोधित) की अधिसूचना सं. 12/2012-सीई (क्रम सं. 67) के अन्तर्गत 2 प्रतिशत की दर पर उत्पाद शुल्क की रियायती दर पर इस शर्त के साथ उद्ग्राह्य था कि इनपुटों या इस माल के विनिर्माण में प्रयुक्त (शर्त सं 25) इनपुट सेवाओं के संबंध में कोई सेनवेट क्रेडिट नहीं लिया गया है।

कोयले का आयात दिनांक 17 मार्च 2012 की अधिसूचना सं. 12/2012 सी.शु (क्रम सं. 123) के अन्तर्गत 2 प्रतिशत के शुल्क की दर पर प्रतिकारी शुल्क (जो उत्पाद शुल्क के बराबर है) अनुमत है। तथापि, सीमा शुल्क अधिसूचना

सं. 12/2012-सीशु में सेनवेट क्रेडिट का लाभ न लेने की शर्त का उल्लेख नहीं किया गया था जबकि यह केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिसूचना सं. 12/2012-सीई की शर्त सं. 25 में विशिष्ट रूप से उल्लिखित था। यह दोनों अधिसूचनाएं (12/1012-सीई और 12/2012-सी.शु) मार्च 2012 में जारी की गई थी। इस अपर्याप्त संशोधन का प्रभाव यह था कि एक निर्माता को घरेलू बाजार से अधिप्राप्त 'कोयले' पर प्रदत्त शुल्क के सेनवेट क्रेडिट के लाभ की हकदारी नहीं थी किन्तु गलती से आयातित 'कोयले' पर लाभ लेने का हकदार था। सीमाशुल्क अधिसूचना में कमी का विनिर्माताओं द्वारा अनुचित लाभ उठाया जा रहा है जैसा नीचे वर्णित हैं।

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधीक्षक, रेंज-II, डिविजन- II बडोदरा-I के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले मैं. श्री लोनसेन कीरी केमिकल्स इन्डस्ट्रीज लि. (100 प्रतिशत ईओयू) ने मैं अदानी एंटरप्राइजेस लि. दाहेज द्वारा आयातित 22.30 एमटी "गैर कोकिंग कोयले" की खरीद की (अक्तूबर 2013 से मार्च 2014) और आपूर्तिकर्त्ता (मैं. अदानी एंटरप्राइसेस लि.) द्वारा प्रभारित 2 प्रतिशत की दर पर उत्पाद शुल्क के ₹ 7.18 लाख के सेनवेट क्रेडिट का लाभ लिया। इसके परिणामस्वरूप, सेनवेट क्रेडिट नियमावली और सीमा शुल्क अधिसूचना में अपर्याप्त संशोधन के कारण ₹ 7.18 लाख के सेनवेट क्रेडिट का गलत लाभ लिया गया।

जब हमने इस बारे में बताया (मई 2014), अधीक्षक (केन्द्रीय उत्पाद शुल्क) ने बताया (मई 2014) कि लेखापरीक्षिती सत्व ने गलत तरीके से लिए गए सेनवेट क्रेडिट की राशि को वापिस कर दिया है।

इसके अतिरिक्त, जांच में पता चला कि मै. अदानी एटंरप्राइसेस लि. ने 17 मार्च 2015 से 31 मार्च 2015 की अवधि के दौरान आयातित कोयले पर ₹ 235.50 लाख की राशि का सेनवेट क्रेडिट (डीलर/आयातक होने की वजह से सेनवेट क्रेडिट के लाभ का दावा नहींकर सके) अपने ग्राहकों को पास किया था जिसमें विभिन्न विनिर्माता/ दूसरे स्तर के डीलर शामिल थे। तदनुसार, यह विनिर्माता/दूसरे स्तर के डीलर सेनवेट क्रेडिट का लाभ सीमाशुल्क अधिसूचना में कमी के कारण ले रहे थे।

बोर्ड राजस्व की रक्षा कर सकता है यदि वह सेनवेट क्रेडिट नियमावली 2004 के अनुरूप सीमा शुल्क अधिसूचना के सुधारात्मक संशोधन पर विचार करे ताकि 'आयातित कोयले' पर सेनवेट क्रेडिट के लाभ के साथ-साथ घरेलू बाजार से की गई अधिप्राप्ति प्रशासित हो सके।

मंत्रालय उचित कार्रवाई हेतु सभी ऐसे मामलों की समीक्षा कर सकता है।

मंत्रालय को मामला अक्तूबर 2015 में बताया गया था उनकी प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

लागू एंटी डम्पिंग शुल्क लगाए बिना या कम लगाकर आयात की मंजूरी

4.5 सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम 1975 की धारा 9ए के अनुसार, जब कोई वस्तु किसी देश से भारत में उसकी सामान्य कीमत से कम पर निर्यात की जाती है तो भारत में ऐसी वस्तु के आयात पर केन्द्र सरकार अधिसूचना द्वारा एंटी डम्पिंग शुल्क लगा सकती है। तदनुसार समय समय पर 'फ्लोट ग्लास", फोसफोरिक एसिड, और पोलीप्रोपाइलीन जैसे माल पर एंटी डम्पिंग शुल्क लगाया गया था जब यह इंडोनेशिया, कोरिया आर पी, ताईवान और सिंगापुर जैस विशिष्ट देशों से आयात की जाती थी।

हमने पाया कि निर्धारण अधिकारियों ने मैं. आशी इंडिया लि. और 10 अन्यों इन विशिष्ट देशों से ऐसे आयातित माल के 22 परेषणों पर ₹ 90.06 लाख का लागू एंटी डम्पिंग शुल्क लगाए बिना या कम लगा कर मंजूरी दी।

मै. आशी इंडिया लि. द्वारा 'फ्लोट ग्लास" के आयात के संबंध में आईसीडी, रेवाडी प्राधिकारियों ने कहा (सितम्बर 2013/जून 2014) कि जांच रिपोर्ट के अनुसार आयात किया गया माल टिंटड प्रकार (लाइटग्रीन) का फलोट ग्लास था। तदनुसार, आयातित माल पर कोई एंटी डम्पिंग शुल्क उद्ग्राह्य नहीं था।

विभाग का उत्तर स्वीकार्य नही है क्योंकि प्रस्तुत की गई जांच रिपोर्ट वर्ष 2011 में आयातित माल से संबंधित थी। जबकि आपत्ति किया गया माल 2012 में आयात किया गया था। विनिर्माता ने मूल प्रमाणपत्र और लैंडिग के बिल में माल को टिंटड प्रकार के फ्लोट ग्लास के रूप में वर्णित किया था किन्तु आयाक ने एंटी डम्पिंग शुल्क से बचने के लिए उसे प्रविष्टि बिल में उसका हल्के हरे फ्लोट ग्लास के रूप में उल्लेख किया था। अतः इंडोनेशिया से

आयातित माल टिंटड प्रकार का फ्लोट ग्लास है जिस पर एंटी डम्पिंग शुल्क उद्ग्राह्य था। तथापि, विभाग ने एक सुरक्षात्मक मांग उठाई (जून 2014)। आगे की प्रगति प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)

जेएनसीएच, न्हावा शेवा, मुम्बई से 10 आयातकों द्वारा किए गए आयात के संबंध में उत्तर प्रतीक्षित है। (जनवरी 2016)

लागू सुरक्षा शुल्क लगाए बिना आयात की मंजूरी

4.6 सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8बी के अनुसार जहां ऐसी बडी मात्रा में भारत में किसी माल का आयात किया जाता है और ऐसी परिस्थितियों के अन्तर्गत कि वे घरेलू उद्योग को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकते है, तो केन्द्र सरकार, एक अधिसूचना द्वारा उस वस्तु पर सुरक्षा शुल्क लगा सकती है। तदनुसार, सुरक्षा शुल्क समय समय पर टयूबों, पाइपों और होलो प्रोफाइलों, आयरन के सीमलैस, एलाय या गैर एलाय स्टील (सीटीएच 7304), डीसी 1 एलकोहोल (इकोरोल 10/98) और 'माईरिस्टिक/माइरिस्टी 1 सेचुरेटड फैट्टी एलकोहोल (सीटीएच 290517/382370) जैसी वस्तुओं पर लगाया गया था जब इन्हें विशिष्ट देशों जैसे चीन, इंडोनेशिया और डेनमार्क से आयात किया गया था।

मै. योगेश हाइड्रोलिक्स प्रा. लि. और 12 अन्यों द्वारा इन विशिष्ट देशों से ऐसे आयातित माल के बीस परेषणों को ₹ 80.49 लाख का लागू सुरक्षा शुल्क लगाए बिना मंजूरी दी गई थी।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (दिसम्बर 2015/जनवरी 2016) में पाँच आयतको (मैसर्स नियोजेन केमिकल्स लि. मैसर्स क्वेन्ट केम, मैसर्स सीजेन्ट केमिकल कारपोरेशन प्राइवेट लि., मैसर्स सूफी ट्रेडर्स एवं मैसर्स एस्टीम इन्डस्ट्रीज प्राइवेट लि.) को माँग एवं कारण बताओ नोटिस जारी किए थे और मैसर्स पुष्प सन्स फिवरोल प्राइवेट लि. से ₹ 7.34 लाख की वसूली सूचित की। शेष मामलों में उत्तर प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

आरएसपी के गलत वर्गीकरण के कारण सीमाशुल्क के अतिरिक्त शुल्कों का कम उद्ग्रहण

4.7 सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत उद्ग्राहय उत्पाद शुल्क (सीवीडी) के बराबर सीमा शुल्क के अतिरिक्त शुल्क की गणना सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 14 (1) और सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 12 के अन्तर्गत प्रभार्य सीमा शुल्क के अन्तर्गत निर्धारित आयातित वस्तु के मूल्य की प्रतिशतता के रूप में की जाती है। लीगल मेट्रोलोजी अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के अन्तर्गत एक आयातित वस्तु को उसके पैकेज पर ऐसी वस्तु की खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) घोषित करना अपेक्षित है, आयातित वस्तु का मूल्य छूट की राशि को कम करके आयातित वस्तु पर घोषित आरएसपी मानी जाएगी।

जहां उचित संदेह है कि घोषित मूल्य लेनदेन मूल्य को नहीं दर्शाता, वहॉ घोषित मूल्य को सीमा शुल्क मूल्यांकन (आयातित माल के मूल्य का निर्धारण) के नियम 12 के अन्तर्गत उचित अधिकारी द्वारा अस्वीकृत किया जा सकता है और मूल्य का निर्धारण नियम 4 से 9 के अनुसार क्रमिक रूप से कार्रवाई द्वारा किया जाता है।

मै लेनोवो इंडिया प्रा.लि. और चार अन्य ने चेन्नई समुद्र और वायु कमिश्नरियों के माध्यम से 'लेपटाप कम्पयूटर एलसीडी मानीटर और साफ्टवेयर' के 21 परेषण आयात किये (मई से नवम्बर 2011) । माल का निर्धारण आरएसपी के घोषित मूल्य पर प्रतिकारी शुल्क जो उत्पाद शुल्क के बराबर है जिसमें दिनांक 24 दिसम्बर 2008 की अधिसूचना सं. 49/2008-केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (एनटी) में विनिष्दिट लागू छूट अनुमत करते हुए किया गया था।

लेखापरीक्षा ने पाया कि घोषित आरएसपी माल की आयातित लागत से काफी कम थी जिसके परिणामस्वरूप आरएसपी की गलत घोषणा हुई। तथापि, निर्धारण अधिकारी ने घोषित मूल्य (आरएसपी) को अस्वीकार नहीं किया और सीवीडी के उद्ग्राहय के लिए सीमा शुल्क मूल्यांकन (आयातित माल के मूल्य के निर्धारण) नियमावली, 2007 के अनुसार मूल्य के निर्धारण की विधि का भी अनुसरण नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त, आईसीईएस 1.5 मॉड्यूल में

इन बिल्ड प्रणाली भी ऐसी गलत घोषणा का पता लगाने और उचित कार्रवाई करने में विफल रही। अतः आयातित माल के मूल्य के निर्धारण में नियमों का अनुपालन न करने के परिणामस्वरूप ₹ 54.10 लाख की राशि के शुल्क का कम उद्ग्रहण हुआ।

इस बारे में बताए जाने पर (मार्च 2012) विभाग ने कहा (जून 2012) कि एक आयातक मै॰ सेमसंग इंडिया इलेक्ट्रोनिक्स प्राईवेट लिमिटेड ने ₹ 0.06 लाख के ब्याज़ सहित ₹ 0.87 लाख के शुल्क का भुगतान किया गया था (मई 2012)। अन्य आयातकों के संबंध में उत्तर प्रातीक्षित है (जनवरी 2016)।

विदेशी शराब का आयात

4.8 सीमा शुल्क टैरिफ़ के अध्याय 22 के अन्तर्गत विदेशी शराब को भारत के विभिन्न सीमा शुल्क पोर्टों के माध्यम से विभिन्न देशों से आयात किया जा रहा है और वेयरहाउसिंग प्रविष्टि बिल (बीईज अथवा इन्टू-बोन्ड बीईज) फाईल करने वाले आयात बंदरगाहों पर भंडारण किया जा रहा है और निर्धारित शुल्क हेतु बांड/बीजी दिया जा रहा है। तब आयातक ट्रांस शिपमेंट बॉन्ड बीजी के कार्यान्वयन के अंतर्गत अन्य गंतव्य तक भंडारित वस्तुओं का ट्रांसशिपमेंट करना चाहते हैं। माल को 'शुल्क मुक्त माल के एक्स बांड के निर्यात हेतु शिपिंग बिल' और माल के विवरण, मात्रा, मूल्य और माल पर शुल्क के ब्यौरे देते हुए अनुबंध 3 (एक वेयरहाउस से दूसरे पोर्ट तक माल के स्थानांतरण हेतु आवेदन) के रूप में दस्तावेज़ सहित हस्तांतरण बॉन्ड के अंतर्गत हस्तांतरित किया जाता है। तथापि, इनटू-बॉन्ड, बी/ईज़, बीजकों इत्यादि की कोई प्रतियां हस्तांतरित माल के लिए नहीं भेजी गई। गंतव्य पोर्ट पर हस्तांतरित माल के प्राप्त और पुनः वेयरहाउस होने के बाद संरक्षक (गंतव्य पोर्ट), मूल वेयरहाउस (सीमाशुल्क) को पुनः वेयरहाउसिंग प्रमाणपत्र (आरडब्लूसी) जारी करता है, जो अब तक बॉन्ड/बीजी को रद्द करता है।

समुद्री सीमा शुल्क, चेन्नई, कोच्ची, आईसीडी, कोलकाता पोर्ट, कोलकाता एयरपोर्ट मुंबई और एसीसी बेंगलुरु, चेन्नई, बेंगलुरु और कोलकाता पर शुल्क मुक्त दुकानों पर की अवधि के लिए शुल्क मुक्त आयात 15-2014 से 13-2012 के साथ की शुल्क के भुगतान पर शराब के आयात की प्रणाली की तुलना,

मूल्य जिस पर शुल्क मुक्त दुकानों द्वारा शराब बेची जाती है, पुन " वेयरहाउसिंग की प्रणाली, माल के ट्रान्सशिपमेंट के कम्प्यूटरीकरण की सीमा इत्यादि का अध्ययन किया गया था।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष नीचे सोदाहरण दिये गए हैं।

लेखाकरण में आयातित शराब का आधिक्य/कमी

4.8.1(i) शुल्क मुक्त दुकान पर एयरपोर्ट और एयर कार्गो कमिश्नरी बैंगलुरु द्वारा प्रस्तुत डाटा की लेखापरीक्षा संवीक्षा और विश्लेषण से पता चला कि विभिन्न ब्राण्डों 199 मदों के संबंध में शराब की 25322 यूनिटों का आधिक्य था। इसी प्रकार, विभिन्न ब्राण्डों की 161121 मदों के संबंध में 307 यूनिटों की कमी थी। यूनिटों की कमी का छोड़ा गया ₹ 23.82 करोड़ का शुल्क ब्याज सहित वसूली योग्य है।

4.8.1 (ii) इसी प्रकार चेन्नई समुद्री पोर्ट में माल के आगमन पर उन्हें सीमा शुल्क ईडीआई पर वेयरहाउस प्रविष्टि के बिल के रूप में निर्धारित किया गया था और उन्हें सीधा वीरूगमबकम, चेन्नई में कंटेनर फ्रेट स्टेशन (सीएफएल) मे ले जाया गया था। वहॉ माल को उतारा गया और प्रविष्टि के बिल के लिए बांडेड परेषण में में प्राप्त किये गए थे। आयातकों के लिए जब भी भण्डार की आवश्यकता हुई {(भारतीय पर्यटन विकास निगम) (आईटीडीसी) और यूनाइटेड डयूटी फ्री रीटेल दुकान (यूडीएफआरएस)} माल को सीमा शुल्क हाउसेस के माध्यम से पीसी मल में एक्स बांन्डड किया जाता था जिसे या तो शुल्क मुक्त दुकान या राज्य में अन्य स्थानों को हस्तांतरित किया गया जहां इन फर्मों की शाखाएं हैं। माल की एक्स बॉडिंग के लिए, दो मैनुअल रजिस्टरों का अनुरक्षण किया जाता है अर्थात व (क) वेयरहाउस ब्रांडेड रजिस्टर और (ख) समुद्री सीमा शुल्क, चेन्नई में ट्रांसशिपमेंट बॉन्ड रजिस्टर।

ब्रांडेड वेयरहाउस रजिस्टर में एक्स ब्रांडड और जारी या शुल्क मुक्त दुकान या अन्य शाखाओं को हस्तांतरित शराब के बिल का प्रविष्टि-वार विवरण होता है। शराब के हर वर्ग के लिए प्राप्ति, जारी और शेष इस रजिस्टर में दर्ज होतें हैं। ट्रांसशिपमेंट बॉन्ड रजिस्टर में माल का) कुल मात्रा-मिश्रित शराब (का 'स्थानांतरण' का ब्यौरा दर्ज होता है जिसमें प्रविष्टियों को बहुल बिलों से ली

गई शराब की विभिन्न मात्रा/वर्ग की कुल संख्या होती है। बांडेड वेयरहाउस रजिस्टर में जारी शराब के प्रत्येक वर्ग के लिए कोंट्रा डेबिट पोस्टिंग की जाती है।

सिद्धान्ततः ट्रांज़िट बॉन्ड रजिस्टर (टीबीआर) के साथ ट्रांज़िट बॉन्ड संख्या (टीबीसं) में दर्ज कुल हस्तांतरित और रिकॉर्ड की गई मात्रा एक दी गई तिथि पर विभिन्न प्रविष्टि के बिल/बॉन्ड से ली गई मिश्रित मात्रा के साथ मेल खानी चाहिए। उपरोक्त रजिस्टरों में उपलब्ध विवरण की तुलना से पता चला कि 1 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2014 की अवधि के दौरान 6215 संख्या की सीमा तक मात्रा में अंतर था जो माल की कमी का प्रतिनिधित्व करता है। माल की कमी के लिए न्यूनतम मूल्य ₹ 37.29 लाख निकला और उस पर शुल्क/अतिरिक्त शुल्क ₹ 40.27 लाख निकला (100 प्रतिशत आयात शुल्क पर परिकलित) जो कुल ₹ 77.56 लाख था।

शराब का कम मूल्यांकन

4.8.2 (i) यूनाइटेड ड्यूटी फ्री रीटेल शॉप (यूडीएफआरएस)और आईटीडीसी (भारत सरकार का उएक उपक्रम) ने इस प्रबंधन के साथ विदेशी शराब (शुल्क मुक्त) का आयात किया कि यह आयातित शराब उनके नियंत्रण के अंतर्गत चल रहीं शुल्क मुक्त दुकानों के माध्यम से बेची जानी थीं। उन आयातकों जिन्होंने शुल्क के भुगतान (विस्तृत विवरण आईसीईएस 1.5 ट्रांसेक्शनल डॉटा से प्राप्त किया गया) के बाद माल की निकासी की थी और दर जिसपर वही शराब आईटीडीसी (शुल्क मुक्त दुकान) द्वारा आयात की गई थी के बीच दरों की तुलना से पता चला कि 2012-13 के दौरान 30 मामलों में (जहां अन्तर 10 प्रतिशत से अधिक है) वहां शुल्क के भुगतान पर निकासी की गई शराब पर ₹ 26.15 लाख की सीमा तक अवमूल्यांकन हुआ था और इस पर शुल्क/अतिरिक्त शुल्क (4 प्रतिशत) पर ₹41.84 लाख निकाला गया था जिसका कुल ₹ 67.99 लाख था। लेखापरीक्षा को महानिदेशक मूल्यांकन (डीजीओवी) द्वारा कोई मूल्य दिशानिर्देश प्रस्तुत नहीं किए गए।

4.8.2 (ii) इसके अलावा मुम्बई किमश्नरी के अन्तर्गत मै. परनोड रीकार्ड इंडिया प्रा. लि., मै डीयागियो इंडिया प्रा.लि., मै. बकार्डी इंडिया प्रा.लि.,

यूनाइटेड स्पिटिट्स लिमिटेड ने अपनी संबंधित पार्टियों से नामतः क्रमशः मै. परनोड रीकार्ड गल्फ, मै. डीयागियो ब्रांडस बीवी, मै. ट्राडल एस.ए., मै. वाइट एंड मैके लिमिटेड से आयात किया था। आयातक और निर्यातक के बीच व्यवसायिक हित और आर्म लेंथ लेन देन की कमी के हष्टिगत उन संबंधित पार्टियों द्वारा घोषित संव्यवहार मूल्यों की पुनरीक्षा सीमाशुल्क मूल्यांकन (आयातित माल के मूल्य के निर्धारण) के नियम 3 द्वारा की जा सकती है। इन आयातकों द्वारा संबंधित पार्टियों से आयात में शामिल कर अवमूल्यांकन ₹ 4.84 करोड़ था।

4.8.2 (iii) मुम्बई कमिश्नरी के माध्यम से असंबद्ध पार्टी के मामले में किए गए कुछ आयात भी मै. डीएफएस इंडिया प्रा.लि कि आयात की कीमतों की तुलना में कम मूल्य पर थे। मै. डीएफएस इंडिया प्रा. लि और असबंद्ध आयातों की तुलना में नमूना जांच की गई बीईज में ₹ 1.08 करोड़ का अवमूल्यांकन था।.

कुल कम मूल्यांकन ₹ 5.92 (4.84 +1.08) करोड़ था जिसमें ₹ 9.47 करोड़ का शुल्क शामिल था।

4.8.2 (iv) कोच्ची कमिश्नरी में 2012-13 से 2014-15 की अवधि के लिए आयात डाटा की संवीक्षा से पता चला कि जुलाई 2014 में मै. एम एण्ड बी एसोसिएटस ने मै. पीटर जस्टीसेन कम्पनी से जोन बार स्काच विस्की (40%) का आयात किया; माल का निर्धारण ₹ 268 प्रति यूनिट की दर पर किया गया। जबकि मै. कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने भी जुलाई 2014 के दौरान समान विक्रेता से समान ब्रांड की विस्की का आयात किया और विभाग द्वारा माल का निर्धारण ₹ 361 प्रति यूनिट की दर पर किया गया। मै. एम एण्ड बी ऐसोसिएटस द्वारा आयात माल का निर्धारण मै. कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट द्वारा घोषित मूल्य की तुलना में ₹ 93 प्रति यूनिट तक की सीमा तक कम मूल्यांकन किया गया। मै. एम एण्ड बी एसोसिएटस द्वारा माल के अवमूल्यांकन के परिणामस्वरूप 1200 यूनिटों के सबंध में ₹ 1.98 लाख का कम उद्ग्रहण हुआ।

पुनः वेयरहाउसिंग प्रमाणपत्र प्राप्त करने में विफलता

4.8.3 (i) एयर इंडिया लिमिटेड ने समुद्र सीमाशुल्क, चेन्नई के माध्यम से सिंगापुर से 'टाइगर बीयर' के 2250 कारटन का आयात वेयरहाउस बीई (दिनांक 23 मार्च 2013 सं. 9654940) द्वारा ₹ 10.13 लाख के मूल्य पर किया था। माल की निकासी 01 अप्रैल 2013 को शुल्क का भुगतान किए बिना की गई थी। उसी माल को 28 मार्च 2013 को ट्रांसशिपमेन्ट बांड सं. 328 (दिनांक 28.03.2015 बाडं सं. 2000445235) द्वारा एयरपोर्ट चेन्नई में स्थिति दूसरे वेयरहाउस को हस्तांतरित किया गया था। ट्रांसशियमेंट बांड रजिस्टर की संवीक्षा से पता चला कि माल जहां भेजा गया था वहां के प्राधिकारी से पुनः वेयरहाउसिंग प्रमाणपत्र के अभाव में ट्रासंशिपमेंट बांड लम्बित पडे रहे। चेन्नई (समुद्र) सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा भेजे गए माल के लिए पुनः वेयरहाउसिंग प्रमाणपत्र प्राप्त करने या मै. एयर इंडिया द्वारा शुल्क मुक्त आयातित शराब पर लागू ब्याज सहित ₹ 10.14 लाख का आयात शुल्क वसूली (अक्तूबर 2015) के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई।

4.8.3 (ii) प्रविष्टि लेन देनों के वेयरहाउस बिल का आंशिक कम्पयूटरीकरण

ईडीआई सिस्टम के माध्यम से बांडिंग के साथ प्रविष्टि के वेयरहाउस बिल की प्रारंभिक फाइलिंग के बाद, अनुवर्ती प्रक्रियाएं जैसे सीमाशुल्क हाउस प्राधिकारियों के माध्यम से थोडी थोडी मात्रा में माल की एक्स बांडिंग और वही शुल्क मुक्त दुकान को जारी करना या उसे राज्य में अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करना जहां इन फर्मों की शाखाएं है को केवल मैनुअल रजिस्टरों (वेयरहाउस बाडंड रजिस्टर और ट्रांसिट बांड रजिस्टर) में प्रविष्टियों के माध्यम से ले जाया जाता था। विभाग द्वारा माल के ट्रांसशिपमेंट के कम्पयूटरीकरण और उसे ईडीआई सिस्टम के भाग के रूप में बनाने की कोई कोशिश नहीं की गई थी। एक्स बांड बीईज की मैनुअल फाइलिंग इसलिए अनुमत की गई थी क्योंकि इन्टू-बांड बीई आरई में वास्तव में फाइल ईडीआई के साथ लिकिंग ईडीआई सिस्टम में उन मामलों में संभव नहीं थी जहां निकासी एक विभिन्न ईडीआई पोर्ट से की गई थी। अतः प्रविष्टि के वेयरहाउस बिल के कम्पयूटरीकरण के लिए व्यवसायिक मैपिंग अधूरी है। लेखापरीक्षा के दौरान एनसीएच दिल्ली ने पुष्टि की कि हाथ से 'भरी एक्स बांड बीईज' के साथ

तदनुरूपी आईसीईएस सिस्टम में इलैक्ट्रानिक रूप में फाइल की गई 'इनटू बाडं बीईज' के बीच कोई मेल नहीं था।

शुल्क मुक्त दुकान में बिक्री

4.8.4 बैंगलोर, चैन्नई और कोलकाता में शुल्क मुक्त दुकानों द्वारा विदेशी शराब का अधिप्राप्ति मूल्य और उनके बिक्री मूल्य की तुलना की गई थी।

संवीक्षा से पता चला कि माल का आयात मूल्य और डीएफएस एयरपोर्ट और एयर कार्गो कमिश्नरी, बैंगलोर (2012-13 से 2014-15) द्वारा उस माल की बिक्री के मूल्य आयात मूल्य से 2.5 प्रतिशत से 873 प्रतिशत तक भिन्न थे। चेन्नई समुद्री कमिश्नरी के अन्तर्गत यूनाइटेड डयूटी फ्री रीटेल शाप (यूडीएफआरएस) ने 18 विभिन्न शराब की मदों को उनकी लागत से औसत 200 प्रतिशत की सीमा तक अधिक में बेचा (जनवरी-फरवरी 2014) । चेन्नई समुद्री कमिश्नरी के अन्तर्गत इंडिया टूरिज्म डिवलेपमेंट कारपोरेशन (आईटीडीसी) ने 25 विभिन्न शराब मदों की बिक्री (दिसम्बर 2014) उनकी लागत से औसतन 239 प्रतिशत से अधिक में की। इसी प्रकार डीएफएस कोलकाता में बिक्री मूल्य अधिप्राप्ति मूल्य की तुलना में औसत 250 प्रतिशत तक अधिक पाए गए थे। मुम्बई में, यह पाया गया कि मैं. डीएफएस इंडिया लि. द्वारा उसके आयातों पर घोषित औसत मूल्य समान माल के अन्य आयातकों से 107 प्रतिशत अधिक था।

महानिदेशक मूल्याकंन, मुम्बई द्वारा निर्धारित विभिन्न वस्तुओं के लिए मूल्य के दिशानिर्देश डीजीओवी वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं थे और लेखापरीक्षा का आयात मूल्य के साथ बिक्री मूल्य की तुलना हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया था। विस्तृत लेखापरीक्षा करने हेतु सीटीएच के अध्याय 22 से संबंधित लेनदेन डाटा महानिदेशक सिस्टम और डाटा प्रबन्धन (सिस्टम) द्वारा उपलब्ध नही करवाए गये थे।

हमारे विचार से माल के सही निर्धारण के लिए मौजूदा बाजार मूल्य (पीएमवी) जांच आयातित शराब की मदों के चयनित नमूनों पर की जा सकती है जहां आयात मूल्य और बिक्री मूल्य में काफी अन्तर था।

4.8.5 सारांश में, आयातित शराब के स्टाक के लेखाकरण की प्रणाली और मानीटरिंग संबंधित पार्टियों के लिए मूल्यांकन नियम का अनुप्रायोग, ट्रांसशिपमेंट बांड के अन्तर्गत जारी माल के लिए पुनः वेयरहाउसिंग प्रमाणपत्र, ईडीआई प्रणाली में प्रविष्टि के वेयरहाउस बिलों की आंशिक/अधूरा कम्पयूटरीकरण, डीएफएस द्वारा आयात मूल्य के साथ बिक्री मूल्य की तुलना विधि अपर्याप्त है। एक छोटे नमूना लेखापरीक्षा से औसतन 177 प्रतिशत (14-340 प्रतिशत के बीच) तक आयातित शराब का अधिमूल्यन, ₹ 6.66 करोड़ तक का कम मूल्यांकन, जिसमें ₹ 11.07 करोड़ का शुल्क शामिल था का पता चला। स्टाक 26617 यूनिटों तक अधिक पाया गया था और ₹ 5.67 करोड़ के मूल्य की 6288 यूनिटों तक के स्टाक की कमी थी।

सीबीईसी ने उजागर किए गए बिन्दुओं की जांच और उचित उपचारात्मक कार्रवाई कर सकती है।

मंत्रालय का उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है (जनवरी 2016)।

सीमा शुल्क कमिश्नरी की विशेष मूल्याकंन शाखा (एसवीबी) की कार्यप्रणाली

4.9 विशेष मूल्यांकन शाखा (एसवीबी) एक ऐसा संस्थान है जो संबंधित पार्टियों और कुछ विशेष प्रकृति वाले लेनदेन जो आयात माल के मूल्य पर प्रभाव डालते हैं की जांच में विशेषज्ञ है। एसवीबी केवल पांच सीमाशुल्क हाउसिस (अर्थात) चेन्नई कोलकाता, दिल्ली, बैंगलोर और मुम्बई में स्थित है और इन सीमाशुल्क हाउसिस में किसी में भी एक विशेष मामले के संबंध में लिया गया निर्णय का सभी अन्य सीमाशुल्क हाउसिस/संरचनाओं द्वारा अनुसरण किया जाता है। विशेष जांच के लिए एसवीबी में पंजीकृत सभी मामलों को संबंधित कमिश्नर के विशिष्ट अनुमोदन के साथ होनी चाहिए।

सीबीईसी ने दिसम्बर 2012[32] डीजीओवी के कार्यालय को एसबीबी का कार्यकारी नियंत्रक प्रत्यायोजित किया ताकि एसवीबी में लम्बित मामलों का निकट से मानीटर, एसवीबी जांच प्रारंभ करने का अनुमोदन और जांच का पर्यवेक्षण किया जा सके। निर्धारणों की जांच और अन्तिम रूप देना एसवीबी[33] द्वारा जारी प्रश्नावली के उत्तर की तिथि से चार महीने के अन्दर पूरा किया जाना है। एसवीबी के साथ पंजीकृत मामलों को अन्तिम रूप देने में विलम्ब भी उस

[32] दिनांक 7.12.2012 का परिपत्र सं. 29/2012 सी.शू.

[33] दिनांक 23.02.2001 का परिपत्र सं. 11/2001- सी.शु.

उद्देश्य को विफल करता है जिसके लिए एसवीबी स्थापित किया गया था और इससे विभाग में अनंतिम निर्धाण मामलों का संचय होता है जिससे सरकारी राजस्व के संग्रहण में विलम्ब होता है।

4.9.1 दिनांक 23.02.1001 के परिपत्र 11/2001 सीमा शुल्क के अनुसार, एसवीबी को 'संबंधित पार्टी' लेन देनों के अतिरिक्त निम्नलिखित प्रकार के मामलों की जांच करना आवश्यक है:

i) 'रायल्टी या लाइसेंस शुल्क' के कारण किए गए अपेक्षित संवर्धन
ii) अनुवर्ती पुनः बिक्री या निपटान या विक्रेता को उपार्जित माल के उपयोग से मुनाफे के किसी भाग के मूल्य के कारण संवर्धन
iii) वास्तविक रूप से किए गए अन्य किसी भुगतान या आयातित माल की बिक्री की परिस्थिति के रूप में किए जाने वाले भुगतान के कारण संवर्धन।

इसके अतिरिक्त इस पर जोर दिया गया था कि मामलों को नियमित तौर पर आगे छानबीन हेतु एसवीबी को प्रेषित नहीं किया जाना चाहिए था जब भी आयातक द्वारा मूल्य के संबंध में आरंभिक संवीक्षा किये बिना ही मूल्यॉकन नियमों के अनुसार सम्बन्ध घोषित किया गया है जो संबंध से प्रभावित हुआ है। एसवीबी ऐसे आयातक के मूल्यॉकन की छानबीन का प्रबन्ध करेगा।

4.9.2 प्रणाली तथा प्रक्रिया की दक्षता तथा प्रभावशीलता; अधिदेश की अनुपालना के बारे में एक आश्वासन प्राप्त करने के लिए बैंगलौर, कोलकाता एवं दिल्ली तथा चेन्नै में एसवीबी की लेखापरीक्षा की गई थी। निष्कर्षों का नीचे वर्णन किया गया है:-

डीजीओवी की लेखापरीक्षा से पता चला कि निम्नलिखित अनियमितताऍं हैं जिनका समाधान किया जाना है।

- निर्धारण दलों तथा एसवीबी के डाटा के बीच अन्तर।
- ईडीडी का कम-गैर उदग्रहण।
- एसवीबी छानबीन पूरा होने के बावजूद निर्धारणों को अन्तिम रूप न दिया जाना।

- मूल्यॉकन रिपोर्ट की प्राप्ति लम्बित होने के साथ अनन्तिम निर्धारण को अन्तिम रूप न देना/विलम्ब होना।
- एसवीबी द्वारा निर्धारण की छानबीन पूरी होने तथा अन्तिम रूप देने में विलम्ब।

डीजीओवी ने अपनी प्रतिक्रिया में बताया कि यद्यपि एसवीबीज को सुदृढ़ करने की इच्छा से एसवीबीज का कार्यकारी नियन्त्रण डीजीओवी को दिया गया था, तथापि बोर्ड से इस संबंध में किसी प्रशासनिक निर्देश के अभाव में यह केवल कागजी कार्यवाही रह गया था। यह देखा गया था कि यद्यपि सभी एसवीबीज ने त्रैमासिक आधार पर लम्बन की रिपोर्ट डीजीओवी को भेजी थी, फिर भी डीजीओवी ने ऐसी रिपोर्ट पर कोई कार्यवाही नहीं की थी।

लेखापरीक्षा को उत्तर में, डीजीओवी ने आगे बताया कि लम्बन के मुद्दे पर संबंधित कमिश्नरियों के साथ अनुवर्ती कार्यवाही की जा रही थी तथा समय समय पर आवश्यक निर्देश जारी किये जा रहे थे। सभी एसवीबीज सीमा शुल्क कमिश्नरियों के प्रशासनिक नियंत्रण के अन्तर्गत है तथा एसवीबीज में कार्य कर रहे अधिकारियों की तैनाती, छुट्टी, एपीएआर इत्यादि पर डीजीओवी का कोई नियंत्रण नहीं था। डीजीओवी ने यह भी बताया कि एसवीबीज में अधिकारियों की गंभीर कमी थी।

4.9.3 सीबीईसी परिपत्र के अनुसार संबंधित पार्टियों द्वारा आयात/निर्यात के मामले आयात/निर्यातों के मूल्यांकन के लिए एसवीबी को प्रेषित किये जाने हैं। तथापि, लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि संबंधित पार्टियों के बीच विदेशी शराब (मुम्बई कमिश्नरी) के आयात तथा स्वर्ण आभूषणों के निर्यात के मामले थे जो एसवीबी को प्रेषित नहीं किये गए थे। लेखापरीक्षा द्वारा ये मामले मंत्रालय को अलग से बताए गए हैं।

अगले पृष्ठ पर कुछ मामले दर्शाये गए हैं:

4.9.3 (i) मुम्बई कमिश्नरी के अन्तर्गत मै- प्रनोड रिकार्ड इण्डिया प्रा. लि., मै डियाजिओ इण्डिया प्रा.लि., मैं बकार्डी इण्डिया प्रा. लि., यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड ने अपनी संबंधित पार्टियों नामतः मै प्रनोड रिकार्ड गल्फ, मै. डियाजिओं ब्रान्डस बीवी, मै. ट्राडाल एस.ए., मै. वाईट एण्ड मैकी लिमिटेड से आयात किया था। आयातक तथा निर्यातक के बीच कारोबार हित के मद्देनजर

तथा संव्यवहारों के आर्म्स लेन्थ अभाव में, उन संबंधित पार्टियों द्वारा उदघोषित संव्यवहार मूल्यों की सीमा शुल्क मूल्यॉंकन (आयातित माल के मूल्य का निर्धारण) के नियम 3 के द्वारा समीक्षा की जानी चाहिए थी। संबंधित पार्टियों से निदर्शी मामले के आयातों में शामिल कम मूल्यांकन ₹ 4.84 करोड़ था।

4.9.3 (ii) इसी प्रकार, स्वर्ण आयात की 20:80 योजना के अन्तर्गत, नगण्य अथवा बिना किसी मूल्य संवर्धन के साथ सादा स्वर्ण आभूषण, चूडियॉं अथवा पदक संबंधित पार्टियों को निर्यात किये गए थे। 24 कैरेट स्वर्ण आभूषणों के निर्यात के मामले तक देखे गए थे। अनेक मामलों में सादा आभूषण उसी दिन अथवा स्वर्ण की प्राप्ति के 1 से 3 दिनों के अन्दर निर्यात किये गए थे कुछ प्रेषण अगले दिन प्राप्त हुए थे जो असली आभूषण निर्यात के मामले में संभव नहीं लगता। इसका यह अर्थ भी हो सकता है कि इन एजेन्सियों द्वारा सादा आभूषण के नाम पर स्क्रैप एवं कच्चे उत्पादों का निर्यात किया गया हो जो बहुत कम अन्तराल पर बार बार निर्यात द्वारा स्वर्ण की भारी मात्राओं का आयात कर रहे थे ताकि 20:80 योजना के 80 प्रतिशत घटक के प्रति अपनी घरेलू बिक्री हकदारी को बढ़ा सकें। डीआरआई से ऐसी कार्य-प्रणाली पर रिपोर्टें थीं।

मंत्रालय लेखापरीक्षा को सूचना के अन्तर्गत ऐसे मामलों की समीक्षा कर सकता है।

इसी प्रकार, अनन्तिम निर्धारण को अन्तिम रूप देने में विलम्ब तथा इसके परिणामस्वरूप एसवीबी डाटा में अन्तर के कारण शुल्क का उदग्रहण कम/ना होना, एसवीबी छानबीन को अन्तिम रूप देने, मूल्यांकन रिपोर्ट इत्यादि से संबंधित मुद्दे लेखापरीक्षा द्वारा मंत्रालय को अलग से बताए गए थे। मंत्रालय की प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है (जनवरी 2016)।

4.9.4 मामलों का लम्बन

जून 2015 के अन्त तक, एसवीबीज, बैंगलुरू, कोलकाता तथा चण्डीगढ़ में ही कुल 894 नये मामले तथा 118 नवीनीकरण मामले लम्बित थे। अवधिवार विश्लेषण का आगे विवरण दिया गया है।

मामले	**3 महीने तक**	**3 से 6 महीने तक**	**6 से 12 महीने तक**	**1 से 3 वर्षों तक**	**3 वर्ष से अधिक**	**कुल**
नये मामले	18	16	26(बैंगलौर) + 99(दिल्ली)	145(बैंगलौर) + 214(दिल्ली)+32 (कोलकाता)	208(बैंगलौर)+ 73 (दिल्ली) + 63 (कोलकाता)	894
नवीनीकरण मामले	27	18	7	48	18	118

कुछ मामले देखे गए थे जो एसवीबी, बैंगलौर में 2006 से लम्बित थे।

विशेष मूल्यांकन मामलों में अनन्तिम निर्धारण के उद्ग्रहण पर मामले अनन्तिम निर्धारण पर अध्याय में बताए गए हैं।

निर्धारित समय में मामलों को अन्तिम रूप न देने के लिए कारणों की पूछताझ करने पर एसवीबी, दिल्ली ने बताया कि अधिकतर मामलों में संबंधित पार्टियों ने अतिरिक्त शुल्क जमा (ईडीडी) 1 प्रतिशत से 5 प्रतिशत तक बढ़ाने के बावजूद एसवीबी प्रश्नावली का अथवा और उठाए गए प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया था। चूंकि बोर्ड के परिपत्रों/निर्देशों में ईडीडी में और वृद्धि पर को पुनः विचार नहीं किया गया है, इसलिए ऐसे मामलों में और कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। एसवीबी, दिल्ली ने आगे सूचित किया कि मुद्दे को अगस्त 2015 में निर्धारित मुख्य आयुक्त सम्मेलन में शामिल करने के लिए मामला मुख्य आयुक्त (दिल्ली क्षेत्र) के कार्यालय को भेजा गया था। मुख्य आयुक्तों के सम्मेलन का परिणाम लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराया गया था (अक्टूबर 2015)।

तथापि, एसवीबी कोलकाता, बैंगलौर तथा चेन्नै से लम्बन के कारण उपलब्ध नहीं थे।

4.9.5 मामलों को अन्तिम रूप देने में विलम्ब

लेखापरीक्षा ने चेन्नै, दिल्ली, कोलकाता तथा बैंगलौर में मूल आदेश जारी करने के बावजूद अन्तिम रूप देने में विलम्ब, उत्तरों की प्राप्ति, आवेदन की प्राप्ति, अन्तिम रूप देने के लिए निर्धारित समय से अधिक विलम्ब, ईडीडी परिपत्र जारी मे विलम्ब, ईडीडी 5 प्रतिशत तक बढ़ाने मे विलम्ब के उदाहरण देखे थे। कुछ मामले नीचे दर्शाये गए हैं।

4.9.5 (i) एसवीबी, बैंगलौर में, दो मामलों में, यद्यपि आयातकों ने ओआईओ की समाप्ति के तीन महीने पहले आवेदन किया था, फिर भी मामलों को 17 महीने से 27 महीने तक के विलम्ब से अन्तिम रूप दिया गया था।

क्रम. सं.	**आयातक का नाम**	**ओआईओ की समाप्ति की तिथि**	**दस्तावेजों की प्राप्ति की तिथि**	**ओआईओ जारी करने की तिथि**	**विलम्ब**
1.	दीरक इण्डिया पैनल फिटिंग (पी) लि.	8.3.13.	नवम्बर 2012	18.2.2015	27 महीने
2	पैकल हैल्थकेयर इण्डिया (पी)	26.12.13	सितम्बर 2013	27.2.2015	17 महीने

4.9.5 (ii) मूल आदेशों के आधार पर, संबंधित निर्धारण दलों को मै. राईस लैक वेईंग सिस्टमस इण्डिया लिमिटेड, चेन्नै द्वारा किये गए आयातों के लिए बीई (11 नम्बर) को अन्तिम रूप देने का निर्देश दिया गया था। तथापि, यह देखा गया था कि 11 बीई को अन्तिम रूप देना अभी भी लम्बित था। ₹ 4.30 लाख (अगस्त 2015 तक) के ब्याज के साथ ₹ 7.77 लाख का शुल्क वसूली योग्य है। समान आयातों की भी समीक्षा तथा अन्तिम रूप दिया जाना चाहिए।

एसवीबी के पास पंजीकृत मामलों को अन्तिम रूप देने में विलम्ब उस उद्देश्य को भी विफल करता है जिसके लिए एसवीबीज स्थापित किये गए हैं तथा इसके कारण सरकारी राजस्व के संग्रह में विलम्ब होने के साथ विभाग में अनन्तिम निर्धारण मामलों का संचय हो गया है।

4.9.5 (iii) मै. हनिल ट्यूब इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, से संबंधित मामले में जारी किये गए मूल आदेश (ओआईओ) सं. 25435/2014 दिनांक 15.5.2014 में विदेशी आपूर्तिकर्ता को भुगतान किये गए ₹ 459.03 लाख की तकनीकी सेवा फीस के निर्धारणयोग्य मूल्य में जोड़ दिया गया था।

15.5.2014 को प्रेषित ओआईओ के विरूद्ध आयातक द्वारा अपील नहीं की गई थी। तथापि, एसवीबी चेतावनियॉं जारी करने के बाद, आयातक ने दिनांक 14 जुलाई 2015 के पत्र द्वारा एसवीबी को सूचित किया कि आदेश सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 153 के अनुसार जारी नहीं किया गया था। तथापि, आदेश पर कार्यवाही न होने के कारण, निर्धारण दल (चेन्नै समुद्र सीमा शुल्क का दल II) प्रविष्टि बिल तथा अनुवर्ती आयातों को अन्तिम रूप

नहीं दे सका (टिप्पणी दिनांक 16.7.2015)। इसके परिणामस्वरूप ₹ 87.08 लाख के शुल्क तथा उस पर लागू ब्याज का संग्रहण नहीं हुआ।

एसवीबी के पास पंजीकृत मामलों को अन्तिम रूप देने में विलम्ब उस उद्देश्य को भी विफल करता है जिसके लिए एसवीबीज स्थापित किये गए हैं तथा इसके कारण सरकारी राजस्व के संग्रहण में विलम्ब होने के साथ विभाग में अस्थाई निर्धारण मामलों का संचय हो गया है।

4.9.5 (iv) सीबीईसी ने निर्देश दिया[34] कि जहाँ जारी की गई प्रश्नावली के उत्तर में सहायक/विश्वास किये गये दस्तावेज प्राप्ति की तिथि से 30 दिनों के अन्दर प्रस्तुत नहीं किये गए हैं, वहाँ ईडीडी 1% से 5% तक बढ़ा दी जाएगी।

एसवीबी बैंगलौर, कोलकाता, चेन्नै तथा दिल्ली में लम्बित मामलों की नमूना जाँच से पता चला कि 37 मामलों में जहाँ ईडीडी 5% की दर से नहीं लगाई गई थी वहाँ जबकि मामले 1 से 3 वर्षों की अवधि से लम्बित हैं।

एक मामला नीचे दर्शाया गया हैः

एसवीबी, दिल्ली में लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि विभिन्न आयातकों ने संबंधित पार्टियों से 22 खेपों के माध्यम से नवम्बर 2013 से अक्तूबर 2014 के बीच माल का आयात किया था जिस पर ईडीडी का भुगतान या तो नहीं किया गया था अथवा संव्यवहार मूल्य के बजाए सीमा शुल्क के 1 से 5% की दर से भुगतान किया गया था जिसके परिणाम स्वरूप ₹ 10.12 लाख राशि के ईडीडी का कम उदग्रहण हुआ।

4.9.5 (v) सीबीईसी ने निर्देश[35] दिया कि एसवीबी को अग्रेषित मामलों पर 4 महीने में निर्णय किया जाना है। तथापि, एसवीबी, चेन्नै में परिपत्र दिनांक 23 मार्च 2001 की तिथि से पहले एसवीबी को अग्रेषित मामले अभी तक लम्बित हैं।

4.9.5 (vi) निर्धारण दल 7 वायु सीमा शुल्क चेन्नै के संबंध में एस वीबी चेन्नै में मैं स्टोरा इन्सो इन्पैक डेल्टा इण्डिया प्राईवेट लि. के संबंध में एसवीबी को निर्धारण दल द्वारा गलत उल्लेख देखा गया था।

[34] परिपत्र सं. 11/2001 दिनांक 23.3.2001

[35] परिपत्र सं. 11/2001 दिनांक 23.3.2001

4.9.5 (vii) आन्तरिक लेखापरीक्षा नहीं की गई

सीबीईसी ने एसवीबीज में मामलों के लम्बन की बारीकी से निगरानी करने, एसवीबी पूछताझ प्रारंभ करने का अनुमोदन करने तथा छानबीन का पर्यवेक्षण करने के लिए एसवीबीज का कार्यकारी नियंत्रण दिसम्बर 2012[36] में महानिदेशक मूल्यॉकन (डीजीओवी) के कार्यालय को प्रत्यायोजित कर दिया गया था।

डीजीओवी ने अक्टूबर 2007 में एसवीबी चेन्नै का निरीक्षण किया तथा उसके पश्चात डीजीओवी द्वारा कोई निरीक्षण रिपोर्ट जारी नहीं की गई थी जो निगरानी नियंत्रण की कमी को दर्शाती है।

4.9.6 संबंधित पार्टी संव्यवहारों की अपर्याप्त पहचान तथा एसवीबी के पास पंजीकृत मामलों को अन्तिम रूप देने में विलम्ब ने उस उद्देश्य को विफल कर दिया जिसके लिए एसवीबी स्थापित की गई थी। इसके कारण विभाग में अनन्तिम निर्धारण/ईडीडी मामलों का संचय हो गया जिसने सरकारी राजस्व के संग्रहण में रूकावट डाली। इसी प्रकार, डीजीओवी के पास भी विशेष मूल्यॉकन नियमावली के श्रेष्ठतम कार्यान्वयन हेतु पर्याप्त नियंत्रण तथा निगरानी नहीं है।

विदेशी मुद्राविनिमय दर के उद्यतन में विलम्ब

4.10 केंद्रीय उत्पाद शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिसूचना निर्देशिकाओं की दरों का अद्यतन जवाहर लाल नेहरू कस्टम हाऊस (जेएनसीएच), न्हावा शेवा को सौंपा गया है, सीमा शुल्क और सीमाशुल्क अधिसूचना निर्देशिकाओं की दरों का अद्यतन चेन्नई सी कस्टम्स को सौंपा गया है और इसी प्रकार, विदेशी मुद्रा के विनिमय दर से संबंधित दर का अद्यतन सीबीईसी द्वारा इन्लैंड कंटेनर डिपो, पटपड़गंज को दिया गया है। लेखापरीक्षा द्वारा देखे गए अपर्याप्त निर्देशिका अद्यतन के कई मामलों का उल्लेख लेखापरीक्षा रिपोर्ट के विभिन्न उध्यायों में किया गया है।

[36] परिपत्र सं. 29/2012 सी.शू दिनांक 7.12.2012

लेखापरीक्षा के दौरान यह देखा गया कि विदेशी मुद्रा की दर में बदलाव करने वाली 26 अगस्त, 2015 से प्रभावी अधिसूचना सं. 82/2015-सीमाशुल्क (एनटी), दिनांक 25 अगस्त, 2015 प्रणाली में 11 घंटे और 45 मिनट के विलंब से अद्यतित की गई थी। तब तक संशोधन कर दिया गया था, पुरानी विनिमय दर को लेते हुए विभिन्न सीमाशुल्क पत्तनों द्वारा 357 प्रविष्टि बिल फाइल कर दिए गए थे।

सूचित किए जाने पर बोर्ड ने निर्देशिका के विलंब से अद्यतन के कारण राजस्व को सुरक्षित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों को परामर्श दिया।

सीबीईसी ने अपने उत्तर (जनवरी 2014) में बताया कि डीजी (प्रणाली) एक स्वचालित समाधान प्राप्त करने के लिए एसबीआई के साथ विनिमय दरों के प्रतिदिन अद्यतन के लिए मॉडयूल पर कार्य कर रहा है। सीबीईसी ने आगे बताया (फरवरी 2014) कि दैनिक विनिमय दर अद्यतन मैसेज का परीक्षण पूरा कर लिया गया था।

तथापि, लेखापरीक्षा ने देखा कि आईसीईएस प्रणाली में अधिसूचना के अद्यतन में विलंब अभी जारी था (सितम्बर 2015), अत: बोर्ड के दावे को प्रमाणित नहीं किया जा सका।

अध्याय V

शुल्क छूट/शुल्क माफी योजनाएँ

सरकार एक अधिसूचना के माध्यम से एक निर्यात प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत इनपुट एवं पूँजीगत माल के आयात के लिए समग्र अथवा आंशिक सीमा शुल्क से छूट दे सकती है। ऐसे छूटप्राप्त माल के आयातक निर्धारित निर्यात दायित्वों (ईओं) को पूरा करने के साथ-साथ निर्दिष्ट शर्तों का पालन करने का वचन देते हैं जिसमें विफल होने पर शुल्क की पूरी दर उदग्रहणीय हो जाती है। अभिलेखों की नमूना जाँच (अक्टूबर 2013 से अक्टूबर 2015) के दौरान कुछ निदर्शी मामले देखे गए जहाँ इओज/शर्तों को पूरा किये बिना शुल्क छूट प्राप्त की गई थी जिन पर आने वाले पैराग्राफों में चर्चा की गई है। इन मामलों में कुछ राजस्व प्रभाव ₹ 168.94 करोड़ है।

फिरती की वसूली न होना जहाँ निर्यात आय वसूल नहीं हुई हैं

5.1 सीमाशुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क तथा सेवा कर फिरती नियमावली, 1995 के उप-नियम 16ए (1) के साथ पठित सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 75(1) के प्रावधानों के अनुसार, जहाँ एक निर्यातक को फिरती की राशि का भुगतान किया गया है परन्तु ऐसे निर्यात माल के संबंध में बिक्री आय विदेशी विनिमय प्रबन्धन अधिनियम (फेमा) 1999 के अन्तर्गत अनुमत समय में वसूल नहीं हुई है, वहाँ ऐसी फिरती राशि वसूल की जानी है। उप – नियम 16ए (2) यह भी निर्धारित करता है कि यदि निर्यातक फेमा, 1999 के अन्तर्गत अनुमत अथवा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विस्तारित अवधि में निर्यात आय की वसूली के संबंध में प्रमाण प्रस्तुत करने में विफल होता है, तो सहायक/उप आयुक्त सीमा शुल्क निर्यात आय की वसूली का प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए निर्यातक को एक नोटिस जारी करेगा, जिसमें विफल होने पर दावेदार को भुगतान की गई फिरती की राशि वसूल करने के लिए आदेश पारित किया जाएगा।

$25,000 केवल तक मूल्य की निर्यात आय की निगरानी के लिए, केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड (बोर्ड) ने परिपत्र सं.5/2009 दिनांक 2 फरवरी 2009 के द्वारा निर्यात आय वसूली हेतू एक आन्तरिक निगरानी तंत्र प्रारंभ किया तथा निर्यातकों द्वारा पालन किए जाने हेतु प्रक्रिया निर्धारित की।

परिपत्र में निर्यातकों द्वारा उदघोषणाओं के प्रबन्धन तथा निर्यात आय वसूली की निगरानी हेतु एक विशेष सेल के गठन पर बल दिया गया है। उन मामलों में जहाँ निर्यात आय वसूल नहीं हुई है, वहाँ भुगतान की गई फिरती की वसूली के लिए सीमा शुल्क द्वारा नोटिस जारी किये जाने हैं।

चार सीमा शुल्क कमिश्नरियों (चेन्नै समुद्र, चेन्नै वायु, तूतीकोरीन तथा कोयम्बटूर) में निर्यात डाटा के साथ आरबीआई एक्सओएस की तुलना करने से (31 मार्च 2013 तक) पता चला कि 619 शिपिंग बिलों के संबंध में निर्यात आय वसूल नहीं हुई थी जिनके लिए ₹ 9.12 करोड़ के फिरती भुगतान किये गए थे। निर्यात आय की वसूली न होने की पुष्टि डीजीएफटी डाटाबेस से भी हुई है। ये सभी शिपिंग बिल 31 मार्च 2013 अथवा उससे पहले के थे, जिसके कारण निर्यात आय वसूली के लिए उपलब्ध समय सीमा पहले ही समाप्त हो चुकी है। अतः, इन मामलों में, भुगतान की गई फिरती उपरोक्त फिरती प्रावधानों के अनुसार ब्याज के साथ वसूली योग्य है।

इसे बताए जाने पर (अक्टूबर 2015), विभाग ने बताया (नवम्बर 2015) कि चेन्नई (समुद्र) और तूतीकोरिन कमिश्नरियों के अन्तर्गत संबंधित निर्यातकों को नोटिस जारी किए गए हैं।

मंत्रालय की प्रतिक्रिया प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

गलत डीईपीबी क्रेडिट दर लगाने के कारण अधिक डीईपीबी क्रेडिट

5.2 सार्वजनिक सूचना द्वारा समय-समय पर यथा सूचित डीईपीबी क्रेडिट दर को स्टोर किया जाता है और अद्यतित किया जाता है।

डीईपीबी हकदारियों के डाटा की लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि यद्यपि लागू क्रेडिट दर, डीईपीबी दर निर्देशिका से भिन्न थे, दिए गए दर 32 अभिलेखों में लागू दर से अधिक थे जिसके कारण ₹ 23.78 लाख राशि का अधिक शुल्क क्रेडिट का परिणाम हुआ। उपरोक्त गलत शुल्क क्रेडिट में से केवल आरएलए अहमदाबाद से संबंधित 10 अभिलेखों में ₹ 12.41 लाख क्रेडिट देखा गया था।

इसे सितम्बरमंत्रालय को/में विभाग 2015 बरअक्तू/ बताया गया था, उनका उत्तर प्रतीक्षित है 2016 जनवरी))।

अग्रिम प्राधिकरण का गलत निपटान

5.3 एफटीपी- 2009-14 के पैराग्राफ 4.1.3 के अनुसार, एक अग्रिम प्राधिकरण (i) प्रत्यक्ष निर्यात (सेज के निर्यात सहित), (ii) मध्यवर्ती आपूर्तियाँ, (iii) एफटीपी के पैराग्राफ 8.2(बी), (सी), (डी), (ई), (एफ), (जी), (आई), एवं (जे) में दर्शायी गई श्रेणियों के माल की आपूर्ति, जिन्हें डीम्ड निर्यात माना गया है तथा (iv) विदेश जाने वाले पोत के बोर्ड पर 'भण्डार' की आपूर्ति के लिए इनपुट के निशुल्क आयात को अनुमत करने के लिए जारी की जाती है।

ऊपर दर्शाए गए अग्रिम प्राधिकरण के प्रति आयातित माल को सं.96/2006-सीशु दिनांक 11 सितम्बर 2009 तथा 112/2009-सीशु दिनांक 29 सितम्बर 2009 के अन्तर्गत उक्त सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8बी तथा 9ए के अन्तर्गत उस पर उदग्रहणीय सुरक्षा शुल्क एवं एन्टी डम्पिंग शुल्क सहित सभी आयातित शुल्कों से छूट दी गई थी। अधिसूचना सं.96/2009-सीशु के अन्तर्गत जारी किए गए प्राधिकरण के निर्यात दायित्व (ईओ) एफटीपी के पैराग्राफ 4.1.3 के अनुसार अपने विनिर्मित माल का, प्रत्यक्ष निर्यात करके अथवा एफटीपी के पैराग्राफ 4.1.3 (ii) के अनुसार निर्यातकों को अपने परिणामी उत्पादों की आपूर्ति करके शर्त 1(viii) के अनुसार पूरा किया जाना था। अधिसूचनाओं की शर्तों को पूरा करने में विफल होने के मामले में, प्राधिकार धारक अधिसूचना की शर्त(1)(iv) के अनुसार लागू ब्याज के साथ शुल्क का भुगतान करने का दायी था।

अधिसूचना सं.112/2009-सीशु दिनांक 29 सितम्बर 2009, एफटीपी के पैराग्राफ 4.1.3 (iii) के अन्तर्गत जारी की गई एए के प्रति आयातित माल पर ऊपर दर्शाई गई शुल्क छूट अनुमत करते हुए, पैराग्राफ 2, में यह निर्दिष्ट करते हुए शुल्क लाभों को सीमित करती है कि अधिसूचना के साथ स्पष्टीकरण के खण्ड (iii) के उप-खण्ड (ए), (बी), (सी), (आई) एवं (जे) के अन्तर्गत कवर किये गए तैयार माल की आपूर्ति के लिए अपेक्षित सामग्रियों के संबंध में सुरक्षा शुल्क तथा एन्टी डम्पिंग शुल्क से छूट उपलब्ध नहीं होगी जिसमें उप-खण्ड (iii) (बी) के अन्तर्गत निर्यात उन्मुख इकाईयों को माल की आपूर्ति शामिल है।

मै. कल्पना प्लासटिक्स, लि कोलकाता तथा दो अन्य आयातकों को क्षेत्रीय डीजीएफटी, कोलकाता के कार्यालय द्वारा इन पर सीमा शुल्क अधिसूचना सं.

96/2009-सीमा शुल्क दिनांक 11 सितम्बर, 2009 के पृष्ठांकन के साथ पॉच अग्रिम प्राधिकरण प्रदान किये गए थे (जनवरी 2010 से अगस्त 2012) जिसके प्रति उन्होंने अधिसूचना सं. 96/2009-सीशु के अन्तर्गत ₹ 2.63 करोड़ की शुल्क छूट प्राप्त करके कोलकाता पत्तन कमिश्नरी के माध्यम से माल का आयात किया। तथापि जेडडीजीएफटी, कोलकाता द्वारा जारी किये गए निर्यात दायित्व निपटान प्रमाण पत्रों (ईओडीसी) तथा जेडडीजीएफटी, कोलकाता तथा सीमा शुल्क को प्राधिकार धारकों द्वारा उपलब्ध कराए गए आपूर्ति/निर्यात के विवरणों की संवीक्षा से पता चला कि उक्त पॉच प्राधिकरण के ईओ का निपटान एक ईओयू इकाई (यथा, मै तारा होल्डिंगस प्रा. लि.) को माल की उनकी आपूर्ति के प्रति किया गया था जो एफटीपी के पैराग्राफ 8.2 (बी) के अनुसार डीम्ड निर्यात माना गया है। तथापि, अधिसूचना सं.96/2006-सीशु के अन्तर्गत ईओ का निपटान आयातकों द्वारा प्रत्यक्ष निर्यात अथवा की गई मध्यवर्ती आपूर्ति द्वारा ही किया जा सकता है, इसलिए आपत्ति जनक मामलों में डीम्ड निर्यात आपूर्तियों के प्रति ईओ का निपटान गलत था जिसके लिए आयातक उपरोक्त अधिसूचना की शर्त (iv) के अनुसार ₹ 86.99 लाख के लागू ब्याज के साथ ₹ 2.63 करोड़ के कुल शुल्क का भुगतान करने के लिए दायी थे। यह अनियमितता सीमा शुल्क विभाग द्वारा भी देखी गई थी जिसके बदले में आयातकों से किसी शुल्क की वसूली किये बिना बाण्ड एवं संबंधित बैंक गारन्टी निरस्त (अगस्त 2012) कर दी थी।

प्रारंभ में यह मामला अक्टूबर 2013 में सीमा शुल्क के समक्ष रखा गया था तथा बाद में मई 2014 में डीजीएफटी, कोलकाता को सूचना दी गई थी। डीजीएफट, कोलकाता ने अपने उत्तर में (सितम्बर 2014) तर्क दिया कि आपत्ति किए गए प्राधिकरणों को डीम्ड निर्यात आपूर्तियों के आधार पर प्रतिपूरित किया गया था क्योंकि फर्म ने वास्तव में डीम्ड निर्यात श्रेणियों के लिए अग्रिम प्राधिकरण हेतु आवेदन किया था परन्तु सीमाशुल्क अधिसूचना सं.96/2009 स्वतः ही डीजीएफटी सर्वर के माध्यम से सृजित प्राधिकरण की प्रति पर पृष्ठांकित हो गई थी। विभाग को सूचित किया गया था (मार्च 2015) कि उनका उत्तर नहीं संधारणीय है क्योंकि न तो सभी आपत्तिशुदा प्राधिकरणों पर अधिसूचना सं 96/2009-सीशु के पृष्टांकन को संशोधित किया

गया था एवं न ही अधिसूचना सं 112/2009-सीशु की अनुपालना में ईओयू को डीम्ड निर्यात आपूर्ति के समय पर अधिसूचना सं 11/2008-सीशु दिनांक 23 जनवरी 2008 (जैसा संशोधित किया गया है) के अंतर्गत आयातित सामग्रियों पर लागू ₹ 18.41 लाख के एन्टी डम्पिंग शुल्क की वसूली सुनिश्चित की गई थी जो उनके तर्क को न्यायोचित बनाता है।

सीमा शुल्क विभाग ने सभी आयातकों को मांग नोटिस जारी करने की सूचना देते समय (मार्च एवं मई 2015) तर्क दिया था कि अधिसूचना सं 96/2009-सीशु डीम्ड निर्यात को भी कवर करती है क्योंकि यह केवल यही निर्दिष्ट करती है कि माल का निर्यात करके ईओ का निपटान किया जाना है, जिसका अर्थ यह नहीं है कि तैयार माल प्रत्यक्ष रूप से निर्यात करना होगा।

सीमा शुल्क विभाग को सूचित किया गया था (जून 2015) कि उनका उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि जैसा कि सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 2(18) के अंतर्गत परिभाषित किया गया है, निर्यात का अर्थ है "भारत से बाहर किसी स्थान पर ले जाना" जिसका अर्थ निश्चित रूप से प्रत्यक्ष निर्यात है परंतु इसमें डीम्ड निर्यात आपूर्तियों को शामिल नहीं किया गया क्योंकि भारत के अन्दर स्थित ईओयू की आपूर्ति को कवर करने वाले एफटीपी के पैराग्राफ 4.1.3 (iii) के अंतर्गत निर्दिष्ट है। इसके अतिरिक्त इस तथ्य से भी लेखापरीक्षा तर्क स्पष्ट था कि एफटीपी के पैराग्राफ 4.1.3 (iii) के अंतर्गत डीम्ड निर्यात के लिए जारी किए गए अग्रिम प्राधिकरण के प्रति आयात पर शुल्क लाभ अनुमत करने के लिए एक अलग अधिसूचना सं 112/2009-सीशु दिनांक 29 सितंबर 2009 पहले ही जारी की जा चुकी है।

मैं. कल्पना प्लास्टिक्स लि. के संबंध में वाणिज्य मंत्रालय ने बताया (अगस्त 2015) कि आपूर्तियाँ ईओयू को डीम्ड के रूप में की गई थी क्योंकि इनको एन्टी डम्पिंग शुल्क सहित सभी शुल्कों के भुगतान से छूट दी गई थी।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि अधिसूचना सं. 112/2009-सीशु (उप पैरा 2 का संदर्भ लें) के अन्तर्गत ईओयूज को की गई आपूर्तियों को एन्टी डम्पिंग तथा सुरक्षा शुल्कों से छूट नहीं दी गई है।

वित्त मंत्रालय (ड्राबेक डिविजन) ने उत्तर दिया (जनवरी 2016) कि:

i) अधिसूचना सं.112/2009-सी.शु का पैरा 3 विशिष्ट रूप से एडीडी से ईओयू को पूर्ति किए जाने वाले अन्तिम माल के विनिर्माण के लिए सामग्री की छूट प्रदान करता है।

ii) एफटीपी स्व: निहित एए योजना के तहत ईओ पूरा करने के लिए विभिन्न अनुमति योग्य साधनों का प्रावधान करता है। एफटीपी में कोई प्रावधान निर्यात के योग विभिन्न अनुमत साधनों द्वारा आपूर्ति से रोक नहीं लगाता। डीजीएफटी का आवेदन फार्म एएनएफ 4जे और एएनएफ 4एफ से छूट दोनों "निर्यातित/आपूर्ति" के रूप में उत्पादों या मदों से संबंधित है।

iii) अधिसूचना सं.96/2009-सी.शु. और 112/2009 सी.शु. सहित राजस्व द्वारा जारी अधिसूचनाएं योजना के संदर्भ में लागू की जानी अपेक्षित हैं।

iv) छूट एफटीपी के अनुरूप थी और इसलिए शुल्क वसूली योग्य नहीं है।

वित्त मंत्रालय का उत्तर लेखापरीक्षा को स्वीकार्य नहीं है क्योंकि:

i) अधिसूचना 112/2009-सी.शु. का पैरा 3 ईओयू को "उसी रूप में" आयातित माल की आपूर्ति के लिए है और ईओयू को एए धारक के निर्मित माल की आपूर्ति के लिए नहीं। इस तत्कालिक मामले में आयातित माल "उसी रूप में" आपूर्ति नहीं की गई थी बल्कि ईओयू को अन्तिम माल की आपूर्ति की गई थी। अत: अधिसूचना के साथ जोड़े गए स्पष्टीकरण (बी) के साथ पठित अधिसूचना 11/2009 सी.शु. का पैरा 2 लागू था जो ईओयू/एसटीपी/ईएचटीपी को आपूर्ति किए गए माल के संबंध में, जो अन्तिम उत्पादों के लिए अपेक्षित हैं से विशिष्ट रूप से सुरक्षा और एडीडी से छूट अनुमत करता है। तदनुसार, एडीडी वसूली योग्य था। यदि मौजूदा मामले में अन्तिम उत्पाद ईओयू को एए धारक द्वारा आपूर्ति किया गया है।

ii) एफटीपी केवल निर्यात की विभिन्न श्रेणियों को निर्धारित करता है जिनके लिए एए जारी किया जा सकता है। तथापि, एए सीमा शुल्क अधिसूचना वार/निर्यात श्रेणी वार जारी किया जाना है जैसा एबीपी के खण्ड–I के पैरा 4.20, 4.20.2 से स्पष्ट है।

एएनएफ 4एफ और एए से छूट "निर्यातित/आपूरित" के रूप मे उत्पाद या मदों से संदर्भित है क्योंकि समान फार्म एए की सभी श्रेणियों की छूट के लिए प्रयोग होता है। तथापि, संलग्न दिशानिर्देशों में प्रत्यक्ष निर्यात और माने गए निर्यातों के लिए एए की छूट हेतु प्रक्रियाओं/दस्तावेजों का पृथक सेट अपेक्षित है।

iii) प्रत्यक्ष निर्यात और माने गए निर्यात के लिए एए की छूट विनियमित करने के लिए पृथक सीमा शुल्क अधिसूचनाएं जारी की गई थी (96/2009 सी.शु. और 112/2009-सी.शु.) जो संबंधित एए धारकों पर बाध्यकारी हैं।

iv) तदनुसार, शुल्क छूट अधिसूचनाओं की शर्तों के अनुपालन द्वारा विनियमित है जिसके अन्तर्गत एए जारी किया गया था। ऐसी शर्तों को पूरा करने में विफलता से शुल्क की वसूली आवश्यक हो जाती है।

शेष यूनिटों के संबंध में उत्तर प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

एसएचआईएस योजना के अन्तर्गत अपात्र फर्म को अनुचित लाभ

5.4 प्रक्रिया की हस्तपुस्तक (एचबीपी), खण्ड-1, 2009-14 के पैराग्राफ 3.10.3 में परिकल्पित किया गया है कि यदि किसी आवेदक ने वर्ष 2012-13 के दौरान शून्य शुल्क ईपीसीजी प्राधिकरण प्राप्त किया है, तो वह उस वर्ष के दौरान किये गए निर्यात के लिए स्थिति धारक प्रोत्साहन स्क्रिप (एसएचआईएस) के लिए पात्र नहीं होगा।

लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार, पानीपत के अन्तर्गत मैं.राज ओवरसीज, पानीपत ने 2012-13 के दौरान शून्य शुल्क ईपीसीजी योजना (₹ 0.59 करोड़ तक शुल्क बचाया) का लाभ लिया था। तथापि, फर्म को उपरोक्त प्रावधान के उल्लघन में वर्ष 2012-13 के दौरान एसएचआईएस योजना के अन्तर्गत (एसएचआईएस लाइसेंस सं. 3310027774 दिनांक 30 सितम्बर 2013) किये गए निर्यात के लिए ₹ 1.41 करोड़ का लाभ भी अनुमत किया गया था। इसके परिणामस्वरूप एसएचआईएस योजना के अन्तर्गत ₹ 1.41 करोड़ की राशि का गलत अनुदान हुआ जो लाइसेंस धारक से वसूली योग्य है।

यह बताए जाने पर (नवम्बर 2013), विभाग ने बताया (जून 2014) कि निर्धारिती को उक्त राशि वापिस करने का निर्देश दिया गया था। आगे की कार्यवाही प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

आवेदन अवधि के बाद दी गई सेवाओं के लिए एसएचआईएस शुल्क क्रेडिट का अनुदान

5.5 विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2009-14 के पैराग्राफ 3.16.1 (बी) के अनुसार, पैराग्राफ 3.16.4 में निर्दिष्ट क्षेत्रों के स्थिति धारक 2009-10 से 2012-13 की अवधि के दौरान किये गए निर्यात के पोतपर्यंत निशुल्क (एफओबी) मूल्य पर 1 प्रतिशत की दर से शुल्क क्रेडिट स्क्रिप का हकदार होगें। प्रक्रिया की हस्तपुस्तक (एचबीपी) खण्ड-1, 2009-14 के पैराग्राफ 3.10.3 (ए) के अनुसार 2009-10 से 2012-13 के दौरान किये गए निर्यात के लिए स्थिति धारक प्रोत्साहन स्क्रिप(एसएचआईएस) आवेदन फाइल करने के लिए अन्तिम तिथि क्रमशः 2011/2012/2013/2014 की 31 मार्च होगी।

क्षेत्रीय साइसेंसिग प्राधिकरण (आरएलए), कोयम्बटूर द्वारा जारी किये गए एसएचआईएस लाईसेंसों की लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि वर्ष 2011-12/2013-14 के दौरान 17 निर्यातको द्वारा फाइल किये गए 18 आवेदनों के सम्बन्ध में उस वित्तीय वर्ष जिसमें आवेदन किए गए थे के बाद किये गए निर्यातों पर शुल्क क्रेडिट स्क्रिप प्रदान किये गए थे, परिणामस्वरूप ₹ 43.58 लाख तक एसएचआईएस क्रेडिट का अधिक अनुदान हुआ जो ब्याज सहित वसूली योग्य है।

इसे बताए जाने पर (जनवरी 2015), विभाग ने 14 आयातकों से ₹ 28.46 लाख के अधिक शुल्क क्रेडिट की वसूली सूचित की (मार्च 2015)। शेष तीन मामलों के संबंध में उत्तर प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

पहले ही जारी की गई शून्य शुल्क ईपीसीजी और विपरित क्रम कंपनियों को एसएचआईएस शुल्क क्रेडिट स्क्रिप की मंजूरी

5.6 स्टेटस होल्डर इंसेंटिव स्क्रिप (एसएचआईएस) को निर्यात के वर्ष के बाद के वर्षों में लागू किया जा सकता है। एचबीपी के पैरा 3.10.3(बी) के अनुसार, किसी आवेदक द्वारा वर्ष 2014-15 के दौरान शून्य शुल्क ईपीसीजी प्राधिकार प्राप्त किये जाने के मामले में, वे उस वर्ष (अर्थात् संबंधित विगत वर्ष के दौरान किया

गया निर्यात) हेतु एसएचआईएस के लिए हकदार नहीं होंगे। ऐसे एसएचआईएस आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा और पैरा 9.3 (आवेदन दाखिल करने में विलम्ब के कारण कटौती) भी इस पर लागू नहीं होगा।

मामलों की संवीक्षा से पता चला कि ₹ 61.57 करोड़ के शुल्क क्रेडिट हेतु 74 एसएचआईएस स्क्रिप उन मामलों में; जहां शून्य शुल्क इपीसीजी प्राधिकार उक्त वर्ष में एक उसी फर्म को पहले ही नियमित रूप से जारी किये जा चुके थे।

लेखापरीक्षा में देखा गया कि सात[37] आरएलएज़ के अंतर्गत नौ मामलों में लाइसेंस/स्क्रिप अनुचित रूप से जारी किये गये थे। यद्यपि, कुछ मामलों में, आवेदनों पर कोई प्रक्रिया नहीं की गई और निरस्त करने के समय पर सेन्ट्रल संर्वर के वे डाटा बेस में अद्यतित नहीं थे; को दर्शाते हुए लाइसेंस/स्क्रिप जारी करने से पहले निरस्त कर दिये गये थे।

आरएलए, अहमदाबाद ने कहा (सितम्बर 2015) कि फर्म को आगे की आवश्यक कार्रवाई हेतु एसएचआईएस लाईसेंस प्रस्तुत करने के निदेश दिये गये हैं।

आरएलए, सूरत, गांधीधाम, बैंगलोर, वाराणसी, कोची और लुधियाना के उत्तर प्रतीक्षित हैं (जनवरी 2016)।

वीएफएफएम योजनाओं के अंतर्गत शुल्क क्रेडिट की मंजूरी में अनियमितताएं

5.7 अध्याय-3 योजनाएं नामत: विशेष कृषि उपज योजना (वीकेयूवाई), फोकस मार्केट स्कीम (एफएमएस), फोकस प्रोडक्ट (एफपीएस), और मार्केट लिंक्ड फोकस प्रोडक्ट स्कीम (एमएलपीएस) संयुक्त रूप से वीएफएफएम योजनाओं के रूप में जानी जाती हैं।

सीमा शुल्क आपूर्त के अधिक मूल्यों के कारण एफओबी मूल्यों पर हकदारी की मंजूरी के कारण वीएफएफएम योजनाओं के अंतर्गत शुल्क क्रेडिट की अधिक मंजूरी

5.7(क) निर्यातकों के अधिकतर लाभ एफटीपी के अंतर्गत शिपिंग बिल सूचना पर आधारित हैं। शिपिंग बिलों के ऑनलाईन फाइलिंग और निकासी के बाद, सूचना डीजीएफटी को सीमा शुल्क द्वारा संप्रेषित की जाती है।

[37] बैंगलुरू, अहमदाबाद, सूरत, गांधीधाम, वाराणसी, कोची और लुधियाना।

आरएलए, अमृतसर, पानीपत, लुधियाना, चंडीगढ़, वडोदरा, अहमदाबाद, सूरत, राजकोट, हैदराबाद तथा कोलकाता में लाईसेंस फाइलों की नमूना जांच से पता चला कि समान विवरण तथा समान सीटीएच के अन्दर आने वाली प्रत्येक एसबी के सभी मदे, वीएफएफएम क्रेडिट की समान दर के लिए स्वीकार्य, प्रत्येक एसबी के प्रति एक क्रम संख्या के अन्तर्गत इकट्ठी की गई थी। यह मद स्तर पर सीमाशुल्क मूल्य की तुलना में, जैसा वीएफएफएम आवेदनों में दावा किया गया मद स्तर पर एसबीज के एफओबी मूल्य के बेमेल में परिणत हुई। 122,106 शिपिंग बिल अभिलेखों के मामले में (22,453 लाईसेंस फाईलें), ₹ 720.46 करोड़ का शुल्क क्रेडिट एक क्रम संख्या के अन्तर्गत इकट्ठा किया गया जो मद स्तर पर एसबी मदों के सीमाशुल्क प्रमाणित एफओबी मूल्यों के साथ प्रमाणित नहीं किया जा सका।

उसी प्रकार, लेखापरीक्षा ने देखा कि दो मामलों (आरएलए, अहमदाबाद) में विभिन्न आवेदनों में समान शिपिंग बिल प्रयोग किए गए थे जिन पर एफटीपी के अध्याय 3 की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत शुल्क क्रेडिट स्क्रीप स्वीकृत किए गए थे जो गलत शुल्क क्रेडिट में परिणत हुआ। आरएलए, अहमदाबाद से उत्तर की प्रतीक्षा है।

यह अक्तूबर 2015 में मंत्रालय को बताया गया था, उनके उत्तर की प्रतीक्षा है (जनवरी 2016)।

5.7(ख) वीएफएफएम योजनाओं तथा डीईपीबीयोजनाओं के लिए समान एसबी मद के अलग एफओबी मूल्य

एफटीपी के अध्याय 4 की डीईपीबी योजना के अन्तर्गत तथा साथ-साथ अध्याय 3 के अन्तर्गत वीएफएफएम के लिए शुल्क क्रेडिट पात्रता के लिए समान शिपिंग बिल प्रयोग किए जा सकते है।

ऐसी एसबीज, जो दो विभिन्न योजना लाभ प्राप्त करने के लिए प्रयोग की गई थी यथा डीईपीबी तथा वीएफएफएम के एफओवी के मूल्यों की अवधि 2014-15 के दौरान एक तुलना से पता चला कि 44 मामलों में (आरएलए, कोलकाता, मुम्बई, चेन्नई, नई दिल्ली, अहमदाबाद, कोचीन तथा पुणे) जहाँ दोनो योजनाओं में समान मद प्रयोग किए गए थे, एफओबी मूल्य विभिन्न थे,

और बैंक प्राप्ति प्रमाण पत्र (बीआरसी) संख्या एसबी की तिथि भी समान थे, जो संकेत करता है कि दोनो योजनाओं के अन्तर्गत दावें, प्राप्ति पूर्व दावों बनाए गए थे।

दो एफओबी मूल्यों के निम्नतर पर गणना किए गए शुल्क क्रेडिट ने उपर्युक्त 44 मामलों में ₹5.20 करोड़ के अधिक शुल्क क्रेडिट की अनुमति दी।

लेखापरीक्षा ने देखा कि सुसंगत तालिका में उपलब्ध बैंक प्राप्ति सूचना या शिपिंग बिल के अनुसार मूल्यों को ध्यान में रखने के बाद एफओबी मूल्य संशोधित किए गए थे, जो अधिक शुल्क क्रेडिट की मंजूरी को परिहार करने के लिए इनपुट नियंत्रण को सुधारने की आवश्यकता की ओर संकेत करता है।

आरएलए, कोलकाता में आठ लाईसेंस फाईलों की प्रति जांच से पता चला कि जब डीईपीबी मद स्तर मूल्यों के साथ तुलना की गई, एसबी मदों की मद स्तर एफओबी मूल्य का एक बेमेल था, जैसा वीएफएफएम में दावा किया गया था, क्योंकि वीएफएफएम दावों के प्रति एक क्रम संख्या के अन्तर्गत वीएफएफएम क्रेडिट की समान दर के साथ समान सीटीएच के अन्तर्गत आने वाली, समान विवरण की प्रत्येक एसबी के सभी मदों को इकट्ठा किया गया था।

अतः शुल्क क्रेडिट लाभ प्रदान करने के लिए मद स्तर पर एसबी के एफओबी मूल्य जैसे महत्त्वपूर्ण डाटा की प्रस्तुति तथा दर्ज करना सुनिश्चित करने की अपर्याप्त अनुपालना थी।

अगस्त/अक्टूबर 2015 में विभाग/मंत्रालय को यह बताया गया था, उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

5.7)ग (वीएफएफएम योजनाओं के अन्तर्गत शुल्क क्रेडिट का प्रदान करना जहाँ निर्यात तिथि गलत है

वीएफएफएम शुल्क हकदारी दावों से संबंधित शिंपिंग विल (एसबी) सूचना से पता चला कि 160018 एसबीज के लिए निर्यात तिथि लेट एक्सपोर्ट आर्डर (एलईओ) से पहले थी। 2014-15 की अवधि के दौरान वीएफएफएम योजनाओं

के तहत ऐसे 160018 एसबीज के प्रति ₹ 959.37 करोड़ की राशि का शुल्क क्रेडिट अनुमत किया गया था।

नमूना जांच से पता चला कि आरएलए पानीपत, चण्डीगढ़, तथा विशाखापत्तनम के अन्तर्गत वीएफएफएम के 2342 एसबीज में ₹ 5.62 करोड़ का शुल्क क्रेडिट अनुमत किया गया था जिनमें निर्यात तिथि एलईओ से पहले थी/शिपिंग बिल की तिथि एलईओ तिथि के बजाए निर्यात तिथि के रूप में दी गई थी।

आरएलए पानीपत तथा विशाखापत्तनम से उत्तर प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

घरेलू टेरिफ क्षेत्र (डीटीए) मंजूरियां

5.8 शर्त 3(i) के साथ पठित अधिसूचना स. 23/2003-सीई, दिनांक 31 मार्च 2003 के साथ अनुबंधित तालिका के क्रम स. 3 के अनुसार यदि डीटीए में 100 प्रतिशत इओयू द्वारा मंजूरी माल को पूर्ण रूप से भारत में विनिर्मित कच्चे माल से विनिर्मित किया जाता है, तब यह केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 3 के अंतर्गत उदग्रहणीय उत्पाद शुल्क के बराबर शुल्क का भुगतान करने का दायी होगा और यदि इकाई आयातित कच्चा माल का उपयोग करता है, तब सीमा शुल्क के औसत के बराबर उत्पाद शुल्क उपरोक्त अधिसूचना के क्रम सं. 2 के प्रावधान के अनुसार भुगतान योग्य है। विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) अधिनियम, 2005 की धारा 53 विशेष रूप से बताती है कि सेज को प्राधिकृत प्रचालनों के उद्देश्य हेतु भारत के सीमा शुल्क क्षेत्र से बाहर का क्षेत्र माना जाएगा।

एफटीपी का पैराग्राफ 9.21 डीटीए को भारत के अंदर के क्षेत्र के रूप में परिभाषित करता है जो सेज और ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी से बाहर है। इसके अलावा, सेज अधिनियम, 2005 की धारा 30 में प्रावधान है कि सेज से डीटीए को हस्तांतरित किये गये किसी माल पर सीमा शुल्क प्रभार्य होगा जिसमें सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के अंतर्गत एन्टी डंपिंग, प्रतिकारी और सुरक्षा शुल्क शामिल है, जो आयात के समय ऐसे माल पर उदग्राहय के रूप में लागू है। इस प्रकार, सेज से माल की खरीद को आयात के रूप में माना जाना अनिवार्य है और ऐसी खरीद को उपरोक्त अधिसूचना की क्रम सं.3

के अंतर्गत उत्पाद शुल्क के भुगतान के उद्देश्य हेतु 'स्वदेशी खरीद' के रूप में नहीं माना जा सकता।

लेखापरीक्षा ने देखा कि 2010-14 के दौरान केंद्रीय उत्पाद शुल्क कमिश्नरी, अहमदाबाद III के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले मै. श्री अंबिका पोलीमर प्रा. लि, (ईओयू) ने उपरोक्त अधिसूचना के क्रम सं. 3 के अंतर्गत केंन्द्रीय उत्पाद शुल्क के भुगतान पर डीटीए में इसके तैयार माल (एचडीपीई पीपी वोवन फेबरिक/उत्पन्न कचरा) को मंजूरी दी थी। तथापि, तैयार माल के मुख्य कच्चे माल (पोलीप्रोपलीन और मास्टर बैच) को मै. रिलायंस इंडस्ट्रीज लि, जाम नगर, एक सेंज इकाई से खरीदा गया था। लेखापरीक्षित सत्व ने गलत रूप से सेज युनिट से प्राप्त आपूर्तियों को भारत से खरीदे गए कच्चे माल के रूप में माना और तदनुसार क्रम सं. 2 की बजाय उपरोक्त अधिसूचना की क्रम सं. 3 के अंतर्गत तैयार माल पर अपनी शुल्क देयता के रूप में संपादित किया जिसके परिणाम स्वरूप ₹ 54.14 लाख तक शुल्क का कम भुगतान हुआ।

इसके बारे में बताए जाने पर (मई 2014) अधीक्षक (सीई) केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क ने यूनिट की प्रतिक्रिया भेजते हुए (सितंबर 2014) निम्नलिखित आधारों पर लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों का विरोध किया :-

क) सेज अधिनियम, 2005 की धारा 30 की इओयू द्वारा दी गई मंजूरियों पर कोई प्रयोजनीयता नहीं है जिसके लिए केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम के प्रावधानों एवं नियमावली का पालन किया जाना चाहिए था।

ख) एस्सार स्टील लि. बनाम यूओआई से मामले (2010(249) ईएलटी 3 (गुजरात)) में माननीय उच्च न्यायालय, गुजरात ने विशेष रूप से उल्लेख किया (पैराग्राफ 20) कि सेज भारत में अवस्थित है।

ग) वर्षा एक्सपोर्टस बनाम यूओआई के मामले (2000 (71) ईसीसी 834) में माननीय उच्च न्यायलय, गुजरात ने यह भी घोषण की कि काण्डला फ्री ट्रेड जोन भारत का अंग है।

निम्निलिखित तथ्यों के मद्देनजर विभाग का उत्तर तर्कसंगत नहीं हैं:-

(I) चूंकि ईओयू ने सेज इकाई से अपना कच्चा माल खरीदा है, इस संव्यवहार को सेज अधिनियम की धारा 30 के संदर्भ में देखा जाना है जिसका ईओयू के डीटीए मंजूरी हेतु शुल्क संरचना पर सीधा प्रभाव है। अतः यह कहना अनुचित है कि ईओयू के डीटीए मंजूरी पर सेज अधिनियम लागू होने योग्य नहीं है।

(II) मै. एस्सार स्टील लि. के मामले में उच्च न्यायालय द्वारा निर्णीत मुद्दा बिल्कुल अलग था क्योंकि यह सेज इकाईयों को की गई आपूर्तियों पर निर्यात शुल्क के उदग्रहण के मुद्दे से संबंधित है तथा मामले के तथ्यों को उसी संदर्भ में ही पढ़ा जाना चाहिए। सेज अधिनियम की धारा 30 भी स्पष्ट रूप से सेज इकाईयों द्वारा माल की डीटीए मंजूरी पर सीमाशुल्क का उद्ग्रहण निर्धारित करती है, जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि उन आपूर्तियों को आयात के रूप में माना गया है। इन संव्यवहारों के लिए प्रविष्टि बिल भी दर्ज किये गए थे जो एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

मै. वर्षा एक्सपोर्ट के मामले में उच्च न्यायलय का निर्णय उपरोक्त लेखापरीक्षा आपत्ति के लिए प्रासंगिक नही है क्योंकि निर्णय की अवधि के दौरान सेज अधिनियम 2005 (काण्डला सेज को 'काण्डला निशुल्क व्यापार क्षेत्र (केएफटीजेड)' के रूप में जाना जाता था) कें प्रभाव में आने से पहले की अवधि से संबंधित है।

5.9 विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2009-14 के पैराग्राफ 6.8 (ए) के अनुसार रत्न एवं आभूषण इकाईयों से अलग ईकाईयां रियायती शुल्कों के भुगतान पर सकारात्मक एनएफई को पूरा करने के अध्यधीन निर्यात के एफओबी मूल्य के 50 प्रतिशत तक माल बेच सकती हैं। डीटीए बिक्री की हकदारी में, इकाई डीटीए में उन वस्तुओं के समान अपने उत्पाद बेच सकती है जो इकाईयों से निर्यात किये गए है या निर्यात किये जाने की उम्मीद है। वे इकाईयॉ जो एक से अधिक उत्पाद निर्मित एवं निर्यात कर रहीं हैं, इस शर्त के अध्यधीन कि कुल डीटीए बिक्री समग्र हकदारी से अधिक नहीं होगी, विशिष्ट उत्पादों के निर्यात के एफओबी मूल्य के 90 प्रतिशत तक डीटीए में उन उत्पादों की बिक्री कर सकती हैं।

मै. गोदावरी बायो रिफाइनरीज लि. जो एक 100 प्रतिशत ईओयू है, को रसायनों यथा 'क्रोटोनएलडिहाईड पैराएलडीहाईड, इथाईल एसीटेट' इत्यादि का विनिर्माण एवं

निर्यात के लिए अप्रैल 2011 (जैसा संशोधित किया गया है) एलओपी जारी किया गया था। इकाई ने डीटीए में 2013-14 से 2014-15 के दौरान उत्पादों यथा 'पैराएलडीहाईड' सीटीएच 29122990 के अंतर्गत वर्गीकृत तथा 'एसीटेलडीहाईड' सीटीएच 29121200 के अंतर्गत वगीकृत को क्रमश: ₹ 2.04 करोड़ और ₹ 3.98 करोड़ के मूल्य पर डीटीए में मंजूर कराया था। यद्यपि इस अवधि के दौरान डीटीए में मंजूर उत्पादों का कोई निर्यात नहीं किया गया था। चूंकि उत्पाद 'पैराएलडीहाईड' तथा इथाईल एसीटेट' का 2013-15 के दौरान निर्यात नहीं किया गया था। इसलिए शुल्क की रियायती दरों पर की गई डीटीए मंजूरी अनियमित है। तदनुसार, डीटीए मंजूरी पर ₹ 52.06 लाख का विभेदक शुल्क वसूलीयोग्य है।

इसे बताए जाने पर (मार्च/जुलाई 2015), मंत्रालय ने उत्तर दिया (जनवरी 2016) कि लाइसेंस धारक ने सुसंगत अवधि के दौरान सकारात्मक एनएफई की उपलब्धि सम्बन्धी शर्तों को पूरा किया और डीटीए में कलीयर किए गए उत्पाद एफटीपी 2009-14 के पैरा 6.8 (ए) में यथा अनुबद्ध समान माल है। इसलिए, लाइसेंसधारक इस शर्त के अध्यधीन डीटीए में इन उत्पादों को बेच नहीं सकते कि कुल डीटीए बिक्री समग्र हकदारी से अधिक नहीं हो सकती।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है लेखापरीक्षा या तो एनएफई की उपलब्धि न होने या समग्र हकदारी के अधिक्य के कारण इन उत्पादों की डीटीए मंजूरी में आपत्ति नहीं उठा रही है। क्योंकि 'विशिष्ट' उत्पाद की डीटीए मंजूरी केवल जब उत्पाद का वास्तविक रूप से निर्यात किया गया है तब इसके मात्र एफओबी मूल्य की निर्धारित प्रतिशतता के अन्दर अनुमत है। यहाँ एफटीपी के पैराग्राफ 6.8 (ए) में शब्द 'विशिष्ट' पर विश्वास करना अन्य शर्तों के पूरा करने के अतिरिक्त डीटीए में इसकी मंजूरी की पात्रता का निर्णय करने के लिए मूल विचार है। वर्तमान मामले में उत्पादों का निर्यात सुसंगत अवधि के दौरान नहीं किया जा रहा था बल्कि डीटीए में क्लीयर किए गए थे।

5.10 अस्वीकृत सत्त्व सूची (डेल) में फर्मो को लाइसेंस जारी करना

विदेश व्यापार (विनियम) नियमावली 1993 के नियम 7 के साथ पठित, डीजीएफटी के प्रत्यावर्तन डिवीजन के दिनांक 31 दिसम्बर 2003 के परिपत्र सं. एफ सं. 18/24/मु./99-2000/ईसीए II के प्रावधानों के अनुसार एक अस्वीकृत सत्त्व सूची का अनुरक्षण किया जाता है। एक आईईसी धारक को

आगे कोई लाइसेंस देने हेतु इन्कार किया जा सकता है यदि उसे एफटीपी या एफटीडीआर अधिनियम के किसी उल्लंघन में डेल में रखा जाता है।

लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि 17 आरएलएज[38] के अभिलेखों से नमूना जांच किए गए 349 मामलों में विभाग ने लाइसेंस जारी करने के समय पर डीईएल प्रास्थिति की जांच किए बिना ₹ 80.78 करोड़ के मूल्य के शुल्क क्रेडिट/सीफ के साथ लाइसेंस जारी किए थे।

लेखापरीक्षा आपत्तियों की प्रतिक्रिया में आरएलए मुरादाबाद, पानीपत और लुधियाना ने बातया कि डीईएल से हटाए जाने के बाद लाइसेंस/स्क्रिप जारी किए गए थे, जो कि सही नहीं है, क्योंकि फर्मों को डीईएल (सेन्ट्रल सर्वर) से हटाए बिना उन्हें लाइसेंस जारी किए गए थे।

इसके अतिरिक्त, डीईएल में सत्वों को लाइसेंस जारी करना, डीईएल आदेश स्थगन को देखते हुए सही नहीं था, क्योंकि दिसम्बर, 2003 के परिपत्र और विदेश व्यापार (विनियम) नियमावली, 1993 के प्रावधान के अनुसार डीईएल के अंतर्गत एक बार ब्लैक लिस्टेड होने के बाद एक आईसी धारक को लाइसेंस नहीं जारी किया जा सकता था।

इसके अलावा, आरएलए उत्तर से यह देखा गया कि सेन्ट्रल डीईएल डाटा बेस में अंतर्विष्टि एवं हटाने जैसे अद्यतन तेजी से नहीं किए जा रहे थे जिसके परिणामस्वरूप एक अविश्वसनीय डीईएल सूची बनाई गई।

डीजीएफटी ईडीआई प्रणाली में ई-कॉम एप्लीकेशन प्रस्तुत करने अथवा ऐसे सत्वों को प्राधिकार/शुल्क क्रेडिट स्क्रिप जारी करने हेतु डीईएल में सत्वों को निषिद्ध करने के लिए कारोबारी नियमों की समुचित व्यवस्था नहीं थी। डीईएल स्थिति की जांच मामले दर मामले आधार पर मैनुअल रूप से की जा रही है जिसके कारण चूक और गलत लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं।

आरएलए चेन्नई, कोम्बटूर, कोचीन, मदुरै, हैदराबाद, कोलकाता, मुम्बई, सूरत, अहमदाबाद, वड़ोदरा, कानपुर दिल्ली एंव जयपुर से उत्तर प्रतीक्षित है जनवरी) 2016)।

[38] 17 आरएलएः कोलकाता, चेन्नई, कोयम्बेतूर, कोचीन, कोच्ची, मदुरै, वडोदरा, अहमदाबाद, राजकोट, जयपुर, हैदराबाद, मुम्बई, दिल्ली, कानपुर, मुरादाबाद, पानीपत, लुधियाना।

अध्याय VI

सामान्य छूट अधिसूचना का गलत अनुप्रयोग

सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 25 (I) के अंतर्गत सरकार को या तो पूर्ण रूप से या अधिसूचना में निर्धारित शर्तों के अनुसार उस पर आरोप्य सीमाशुल्क का पूर्ण या शुल्क के किसी भी भाग से कोई भी निर्धारित विवरण के माल पर छूट देने की शक्ति है। नोटिस की गई छूट (अक्टूबर 2013 से जनवरी 2015) के गलत मंजूरी के कारण कुल ₹ 1.52 करोड़ के शुल्क की गैर-उगाही/कम उगाही के कुछ दृष्टांत उदाहरणों की निम्नलिखित पैराग्राफों में चर्चा की गई है।

अपेक्षित जाँच रिपोर्ट के बिना सीवीडी की गलत छूट

6.1 केन्द्रीय उत्पाद शुल्क दर अनुसूची (6309 00 000 और 6310 को छोड़कर) के अध्याय 61,62 और 63 के अंतर्गत आने वाले दिनांक 17 मार्च 2012 की अधिसूचना संख्या 7/2012-सीई के संदर्भ में, जैसा कि दिनांक 1 मार्च 2013 की अधिसूचना द्वारा संशोधित किया गया है, "कॉटन का सब माल जिसमें कोई भी अन्य कपड़ा नहीं मिला है" यथामूल्य 12 प्रतिशत की शुल्क दर की बजाय यथामूल्य 6 प्रतिशत की रियायती दर पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के बराबर प्रतिकारी शुल्क (सीवीडी) आकर्षित करता है।

दिनांक 15 मार्च 2004 के परिपत्र संख्या 23/2004-सी.शु. के माध्यम से सीबीईसी ने निर्देश जारी किए कि मामले जहां 25 प्रतिशत नमूने वाणिज्यिक मंत्रालय के अंतर्गत कपड़ा समिति प्रयोगशाला को खतरनाक रंगो की जांच हेतु भेजे जाने अपेक्षित हैं, संयोजन के लिए जांच दोहरेपन से बचने के लिए कपड़ा समिति प्रयोगशाला पर भी की जानी चाहिये। तथापि डीजीएफटी अधिसूचना के अनुसार जहां खतरनाक रंगो की कोई जांच अपेक्षित नहीं है, संयोजन की जांच केन्द्रीय राजस्व नियंत्रण प्रयोगशाला(सीआरसीएल)-आंतरिक जांच प्रयोगशाला पर की जानी चाहिये।

1 अप्रैल 2013 से 31 मार्च 2014 की अवधि के लिए पैट्रोपोल भूमि सीमाशुल्क स्टेशन(एलसीएस) के माध्यम से तैयार वस्त्र के आयात की लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि वस्त्र जो कॉटन से बने हुये घोषित किए

गये थे नमूने के 25 प्रतिशत को आहरण के बिना 12 प्रतिशत की शुल्क दर की बजाय 6 प्रतिशत रियायती सीवीडी दर पर मूल्यांकन के लाभ और माल का संयोजन सुनिश्चित करने के लिये उसकी जांच की नियमित रूप से अनुमति दी। इसके बजाय आयातकों द्वारा बांग्लादेश यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सटाइल से संयुक्त एजो रंग के साथ संयोजन जाँच रिपोर्ट सीवीडी की रियायती दर के लाभ की अनुमति देने के लिये निर्भर थी। तथापि, बीयूटी, ढाका न तो सीबीईसी और न ही डीजीएफटी द्वारा, कपड़ा संयोजन जांच की स्वीकृति के लिये जांच एजेंसी के रूप में अनुमोदित था। तद्दनुसार, अपेक्षित जांच रिपोर्ट के बिना 42 नमूना जांच आयात में ₹ 41.75 लाख की सीवीडी छूट देना अनियमित था।

इस ओर ध्यान दिलाने (मार्च 2014) पर, सीमाशुल्क विभाग ने विरोध किया (फरवरी 2015) कि बीयूटी, ढाका का पूर्व-शिपमेंट प्रमाणपत्र स्वीकार करने योग्य था चूंकि वह उक्त प्रमाणपत्र जारी करने के लिये अधिकृत संस्था थी। क्योंकि बांग्लादेश के गणतंत्र निवासी के लिये उप उच्चायोग ने सीमाशुल्क विभाग को सूचित किया कि बीयूटी, ढाका एजो और खतरनाक रंगों के संबंध में प्रमाणपत्र जारी करने के लिये बांग्लादेश सरकार द्वारा प्राधिकृत था।

विभाग को बताया गया (अप्रैल 2015) कि उनका उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योकि पूर्व-शिपमेंट प्रमाणपत्र, आयातित कपड़े और कपड़े की वस्तुओं में खतरनाक रंग न होना सुनिश्चित करने के लिये और न कि संयोजन के लिये अर्थात कपड़ा/नॉन-टेक्सटराइज़ड या कॉटन के अतिरिक्त कोई वस्तु, के लिये वाणिज्यिक मंत्रालय और वित्त मंत्रालय(मार्च 2004) द्वारा जारी निर्देश और आयात नीर्ति की शर्तों के अनुसार अपेक्षित था। लेकिन उपरोक्त उल्लिखित निर्देशों में से किसी में भी, एमओसी/एमओएफ ने इन पूर्व–शिपमेंट प्रमाणपत्रों में कपड़ा वस्तु संयोजन का स्वीकार करने के निर्देश नहीं दिये थे।

लेखापरीक्षा आयातित सामग्री में खतरनाक रंगों की मौजूदगी के बारे में मुद्दे को चिन्हित नहीं कर रही हैं बल्कि कपड़े की वस्तु के संयोजन की जांच के बिना शुल्क की रियायती दर पर आयातित कपड़े की निकासी अर्थात "कि क्या कॉटन के अतिरिक्ति कोई कपड़े वस्त्र सामग्री शामिल है या नहीं" जिसके लिये

बीयूटी का पूर्व-शिपमेंट प्रमाणपत्र पर्याप्त नहीं है। आयातित कपड़ा/कपड़े की वस्तु के संयोजन के लिये जांच कपड़े के वस्तु की सामग्री निश्चित करने के लिये या तो आंतरिक केंद्रीय राजस्व नियंत्रण प्रयोगशाला (सीआरसीएल) में या वाणिज्यिक मंत्रालय के अंतर्गत कपड़ा समिति प्रयोगशाला में की जानी चाहिए।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (दिसम्बर 2015) में सूचित किया कि समान मामलों की पुनरीक्षा के बाद ₹ 1.14 करोड़ की राशि के विभेदक शुल्क के लिए संबंधित आयातकों को एससीएनस जारी किए गए थे जिसके लेखापरीक्षा द्वारा बताए जाने पर ₹ 41.75 लाख की राशि शामिल थी।

मूल सीमाशुल्क की गलत छूट

6.2 'प्रोजेक्टर' जो पूर्ण रूप से या मुख्य रूप से स्वचालित डाटा प्रसंस्करण प्रणाली में प्रयोग किये जाते हैं, सीमाशुल्क शीर्ष (सीटीएच) 85286100 के अंतर्गत वर्गीकरणीय हैं। जबकि अन्य प्रोजेक्टर जो स्वचालित डाटा प्रसंस्करण मशीनों के साथ-साथ टेलीविज़न और वीडियों के साथ भी कार्य करने में सक्षम हैं सीटीएच 85286900 के अंतर्गत वर्गीकरणीय हैं।

मैसर्स एमआइआरसी इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड ने, एसीसी, मुंबई के माध्यम से विभिन्न मॉडलों के 'प्रोजेक्टर' के आठ परेषण भेजे। यह माल सीटीएच 85286100 के अंतर्गत वर्गीकृत किये गए थे और दिनांक 1, मार्च 2005 की अधिसूचना संख्या 24/2005-सीयूएस के क्रम संख्या 17 के अंतर्गत शुल्क रियायती दर पर निर्धारित किया गया था।

लेखापरीक्षा ने उत्पाद सूची से देखा कि 'प्रोजेक्टर' के आयातित मॉडलों में विडियो इनपुट और संयुक्त विडियो इनपुट प्रावधान थे और इसलिए स्वचालित प्रसंस्करण प्रणाली के साथ-साथ टेलीविजन और विडियो के साथ प्रयोग किया जा सकता था। तद्नुसार आयातित माल सीटीएच 85286900 के अंतर्गत वर्गीकृत करने योग्य और 10 प्रतिशत की दर पर बीसीडी लगाये जाने योग्य हैं। इस प्रकार, पूर्वोक्त छूट अधिसूचना का लाभ देने और गलत वर्गीकरण के परिणामस्वरूप ₹ 40.85 लाख के शुल्क की कम उगाही हुई।

इसे बताए जाने पर (जुलाई 2015) आपत्ति को स्वीकार न करतेहुए मंत्रालय ने बताया (दिसम्बर 2015) कि आयातक द्वारा प्रस्तुत किए गए केटालोग के अनुसार आयातित प्रोजेक्टर मोडल्स (112आई, 114आई एसटी) के पास एस विडियों इनपुट नहीं था। तथापि, राजस्व ब्याज को बचाने के लिए एक मांग एवं लेख प्रभार नोटिस आयातको को जारी किया गया है। उनके उत्तर के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए हैं।

उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि आपूर्तिकार की वेबसाइट www.infocus.com/ projetors/IN114 or IN112 स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि इन प्रोजेक्टरस के पास एस-विडियों कनेक्शन्स है।

6.3 एसी प्रकार, मैसर्स पीआईडी प्राइवेट लिमिटेड और चार अन्य ने एसीसी, मुंबई के माध्यम से विभिन्न मॉडलों के 'प्रोजेक्टर' के सात परेषण आयात किये(मार्च से जून 2013)। यह माल सीटीएच 85286100 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था और दिनांक 1 मार्च 2005 की अधिसूचना संख्या 24/2005-सीयूएस की क्रम संख्या 17 के अंतर्गत शुल्क की रियायती दर पर निर्धारित किया गया था।

उत्पाद सूची से लेखापरीक्षा ने देखा कि 'प्रोजेक्टर' का आयातित मॉडल में विडियो इनपुट और कंपोजिट विडियो इनपुट का प्रावधान था और इसलिये स्वचालित प्रसंस्करण प्रणाली के साथ-साथ टेलिविजन और विडियो के साथ प्रयोग किया जा सकता था। तदनुसार आयातित माल सीटीएच 85286900 के अंतर्गत वर्गीकरण योग्य और 10 प्रतिशत की दर पर बीसीडी लगाये जाने योग्य था। इस प्रकार पूर्वोक्त छूट अधिसूचना का लाभ देने और गलत वर्गीकरण के परिणामस्वरूप ₹14.66 लाख के शुल्क की कम उगाही हुई।

विभाग/मंत्रालय को अप्रैल 2014/जुलाई 2015 में इस बारे में बताया गया था, उनका उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है (जनवरी 2016)।

लोहे या गैर धातु इस्पात की पहले से रंगी हुई कॉयल के लिए छूट

6.4 "लोहे और गैर धातु इस्पात के फ्लैट रोल्ड उत्पाद" उसकी विशेषताओं के अनुसार अध्याय 72 के अंतर्गत वार्गीकरणीय हैं। इसके अतिरिक्त दिनांक

17 मार्च 2012 (संशोधित अनुसार) की अधिसूचना संख्या 12/2012-सीयूएस की क्रम संख्या 334 के अनुसार सीमाशुल्क दर शीर्ष (सीटीएच) 7210 के अंतर्गत आने वाले अतिरिक्त और दोषपूर्ण के अलावा सभी माल पर बीसीडी 7.5 प्रतिशत की दर पर वसूली योग्य है। यद्यपि, अध्याय 72 के अंतर्गत आने वाले अतिरिक्त और दोषपूर्ण माल 10 प्रतिशत की दर पर वसूली योग्य हैं।

मैसर्स गर्ग सेल्स कॉरपोरेशन ने आईसीडी, तुलनकाबाद के माध्यम से "कॉयल में एमएस पहले से रंगा हुआ/कॉयल में एमएस दोषपूर्ण पहले से रंगा हुआ" के 14 माल आयातित किए (मई से जुलाई 2014)। माल को सीटीएच 72109090 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था और पूर्वोक्त अधिसूचना की क्रम संख्या 330 का लाभ देने के बाद 5 प्रतिशत की दर पर रियायती दर बीसीडी के लिए निर्धारित किया गया था।

लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला की पूर्वोक्त माल पूर्वोक्त क्रम संख्या 330 के अंतर्गत लाभ के पात्र नहीं है, बल्कि अतिरिक्त और दोषपूर्ण के अलावा अधिसूचना की क्रम संख्या 334 के अंतर्गत निहित है और 7.5 प्रतिशत की दर पर बीसीडी लिए जाने योग्य है। इस प्रकार, अधिसूचना लाभ के गलत अनुदान के परिणामस्वरूप ₹28.03लाख की शुल्क राशि की कम वसूली हुई।

यह विभाग/मंत्रालय को अगस्त 2014/जुलाई 2015 में बताया गया था, उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

शर्तों को पूर्ण किए बिना विशेष अतिरिक्त शुल्क की वापसी

6.5 अनुवर्ती बिक्री के लिए भारत में आयातित माल पर सीमाशुल्क दर अधिनियम, 1975 की धारा 3 की उप-धारा (5) के अंतर्गत 4 प्रतिशत की दर पर एकत्रित अतिरिक्त सीमाशुल्क दिनांक 14 सितंबर 2007 की अधिसूचना संख्या 102/2007-सी.शु. की शर्तों के पालन के अंतर्गत आयातक को वापस किया जा सकता है। अधिसूचना की शर्त 2(बी) निर्धारित करती है कि एसएडी की वापसी केवल तभी होगा जब आयातक, आयातित माल की बिक्री के लिए बीजक जारी करते समय बीजक में विशेष रूप से दर्शाये की इसमें निहित माल के सबंध में, सीमाशुल्क दर अधिनियम, 1975 की धारा 3 की उप-

धारा(5) के अंतर्गत वसूल किए गए अतिरिक्त सीमाशुल्क का कोई भी क्रेडिट स्वीकार्य नहीं होगा।

इस शर्त का पालन सुनिश्चित करने के लिये आयातकों को पूर्वोक्त अधिसूचना की शर्त 2(ई) के अनुसार बिक्री बीजक की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। तथापि, कागजी कार्यवाही को न्यूनतम करने के लिए आयातकों द्वारा अभिवेदन पर दिनांक 13 अक्तूबर 2008 के परिपत्र संख्या 16/2008-सी.शु. के माध्यम से सीबीईसी ने इलैक्ट्रॉनिक रूप से (सीडी के फार्म सहित) बिक्री बीजक की प्रति स्वीकार करने का निर्णय लिया बशर्ते आवेदक लिखित रूप से मीडिया में मौजूद बीजक संख्या दर्शाये और अपनी सत्यता की पुष्टि करे।

मैसर्स ए.एम. केबल्स प्राइवेट लिमिटेड और चार अन्य आयातकों को उनके आयातित माल जिसे बाद में भारत में बेचने का दावा किया गया था, पर दिये गये एसएडी की वापसी के रूप में कोलकाता (पोर्ट) कमिश्नरी द्वारा ₹13.96 लाख (अगस्त 2012 से मई 2014) अनुमोदित किये गये थे। इन सभी मामलों में, केवल एक को छोड़कर, आवेदक ने अपने आयातित माल की बिक्री के साक्ष्य के रूप में सीडी के रूप में इलैक्ट्रॉनिक रूप से बिक्री बीजक की प्रति प्रस्तुत की थी। तथापि, इन सभी मामलों के बिक्री बीजक की समीक्षा से पता चला कि आयातित माल के खरीददार पर आवेदक द्वारा प्रस्तुत इनमें से किसी भी बिक्री बीजक पर सेनवेट क्रेडिट न लगाने का सबूत नहीं था, जैसाकि दिनांक 14 सितम्बर 2007 की अधिसूचना की शर्त 2(बी) के अंतर्गत अपेक्षित है। वापसी के यह दावे दिनांक 14 सितम्बर 2007 की अधिसूचना की निर्धारित शर्त पूर्ण नहीं करते, तदनुसार ₹ 13.96 लाख की एसएडी वापसी की मंजूरी अनियमित थी।

यह बताने पर (अक्तूबर 2013, जनवरी 2014/जनवरी 2015) विभाग ने दो आयातकों (मैसर्स ए.एम.केबल्स प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स सलेक्ट मार्किटिंग ओवरसीज इंटरप्राइज) से ₹ 3.51 लाख की वसूली के बारे में बताया (दिसम्बर 2014)। अन्य तीन आयातकों के संबंध में विभाग ने विरोध किया (जून 2015) कि अपने उत्तर में आयातकों ने बिक्री बीजक की सॉफ्टकॉपी पर अपेक्षित सबूत शामिल करने में अपनी असमर्थता व्यक्त की चूंकि बिक्री

बीजक की सॉफ्ट कॉपी पर स्वत: घोषणा करने का विकल्प नहीं था, जिसके लिये बीजक के साथ संलग्न अपेक्षित सबूत सहित आयातक के लेटर हेड पर स्वत: घोषणा अधिसूचना की शर्तों की आवश्यकता को पूर्ण करने हेतु विभाग द्वारा स्वीकृत थी।

विभाग को सूचित किया गया (जून 2015) कि आयातकों का तर्क कि अपेक्षित सबूत बिक्री बीजक की सॉफ्टकॉपी में संभव नहीं है, उचित नहीं था क्योंकि समान सबूत अन्य प्रतिदाय दावों के संबंध में प्रस्तुत बिक्री बीजक की साफ्टकॉपी में पाये गये थे। इसके अलावा, बिक्री बीजक के साथ अपने लेटर हेड पर आयातकों द्वारा अलग से स्वत: घोषणा/सबूत दिनांक 14 सितम्बर 2007 की पूर्वोक्त अधिसूचना में निर्धारित शर्तों के अनुसार उक्त सबूत की आवश्यकता के पीछे के इरादे को पूर्ण नहीं करता, चूंकि यह खरीददार को ऐसे खरीद बीजकों पर सेनवेट क्रेडिट का लाभ लेने से नहीं रोक सकता जिसके परिणामस्वरूप दो बार प्रतिदाय हो सकता है।

मामलों को सितम्बर 2015 में मंत्रालय को बताया गया था, उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

'तिपहिया वाहन, स्कूटर, पेडल कार और समान पहियेदार खिलौने और उसके पुर्जों के लिये छूट

6.6 'तिपहिया वाहन, स्कूटर, पेडल कार और समान पहियेदार खिलौने वाली गुडिया' आदि सीमाशुल्क दर शीर्ष (सीटीएच) 9503 के अंतर्गत वर्गीकरणीय हैं और 10 प्रतिशत की दर पर बीसीडी निर्धारणीय है।

मैसर्स नेशनल इंपेक्स ने आईसीडी, तुगलकाबाद के माध्यम से 'बच्चे की बाइक/स्कूटर कार, तिपहिया खिलौने' आयात किये (जुलाई 2013 से मार्च 2014)। आयातित माल सीटीएच 95030090 के अंतर्गत वर्गीकृत किये गये थे और दिनांक 22 जुलाई 2005 की अधिसचूना संख्या 72/2005 (भाग क की क्रम संख्या 427) के अंतर्गत 43 प्रतिशत की दर रियायत सहित 10 प्रतिशत की दर पर बीसीडी निर्धारित किया गया था।

लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि पूर्वोक्त, अधिसूचना के भाग 'क' की क्रम संख्या 427 के लाभ 'तिपहिया,स्कूटर, पेडल कार और समान पहियेदार खिलौने, गुड़िया, गाड़ी के औंजार और पुर्जों' के अलावा माल पर मिलता है। तथापि, वर्तमान मामले में आयातित माल बच्चों की तिपहिया साइकिल /बच्चों के खिलौने, कार/स्कूटर आदि और बच्चों के चलाने के लिये प्रयोग होने वाले पहियेदार खिलौने थे और इस प्रकार सीमाशुल्क अधिसूचना संख्या 72/2005 के भाग 'क' की क्रम संख्या 427 के लाभ के लिये पात्र नहीं था। इसलिए अधिसूचना लाभ के गलत मंजूरी के परिणामस्वरूप ₹ 12.49 लाख की शुल्क राशि की कम उगाही हुई।

इसे बताए जाने पर (जुलाई 2015), मंत्रालय ने आयातक को मांग एवं कारण बताओ नोटिस जारी किया गया सूचित किया (दिसम्बर 2015)।

अध्याय VII

माल का गलत वर्गीकरण

अभिलेखों के नमूना जांच के दौरान (अगस्त 2014 से जून 2015), हमने देखा कि निर्धारण अधिकारियों ने विभिन्न आयातित माल का गलत वर्गीकरण किया जिसके कारण ₹ 1.70 करोड़ के सीमाशुल्क की कम उगाही/गैर उगाही हुई। उनकी चर्चा निम्नलिखित पैराग्राफों में की गई है।

गलत-वर्गीकरण के कारण सुरक्षा शुल्क की गैर-उगाही

7.1 दिनांक 28 अगस्त 2014 की अधिसूचना संख्या 3/2014-सीयूएस (सुरक्षा) के अनुसार सीटीएच 382370 के अंतर्गत आने वाले डीहाइडोल अर्थात सेचुरेटैड फैटी ऐल्कहॉल, थाइलैंड में उत्पन्न या निर्यात और भारत में आयातित यथामूल्य 20 प्रतिशत की दर पर सुरक्षा शुल्क की उगाही के अधीन है। डीहाइडोल सेचुरेटेड फैटी एल्काहॉल सीमाशुल्क दर शीर्ष (सीटीएच) 38237090 के अंतर्गत वर्गीकरण और सुरक्षा शुल्क योग्य है।

लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि मैसर्स बीएएसएफ लिमिटेड ने जेएनसीएच, न्हावा शेवा, मुम्बई के माध्यम से थाइलैंड से 'डीहाइडोल'के पांच परेषण आयात किये (नवम्बर/दिसम्बर 2014)। आयातित माल सीटीएच 382370 के अंतर्गत की बजाय संबंधित उद्योग हेतु रसायन-अन्य' के रूप में सीमाशुल्क दर शीर्ष (सीटीएच) 38249090 के अंतर्गत वर्गीकृत और सुरक्षा शुल्क की उगाही के बिना निर्धारित किया गया था। मैनुअल चालान के माध्यम से भी सुरक्षा शुल्क के भुगतान का कोई सबूत नहीं था। इसके परिणामस्वरूप ₹ 71.69 लाख के सुरक्षा शुल्क की गैर-उगाही हुई।

मामले को विभाग/मंत्रालय को मार्च/2015 में बताया गया था, उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

'अन्य- खनिज पदार्थ, कहीं भी निर्दिष्ट नहीं' के रूप में शिलाजीत का गलत वर्गीकरण

7.2 'खनिज वैक्स' अर्थात शिलाजीत सीमाशुल्क दर शीर्ष (सीटीएच) 27 के अंतर्गत वर्गीकरणीय है और 14 प्रतिशत की दर पर प्रतिकारी शुल्क (सीवीडी) आकर्षित करता है।

मैसर्स एस के ट्रेडिंग कंपनी और चार अन्य ने आइसीडी तुगलकाबाद के माध्यम से 'शिलाजीत स्टोन (खनिज उत्पाद) के 21 परेषण आयात किये (जुलाई 2013 से जनवरी 2015)। लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि मद 'अन्य–खनिज पदार्थ कहीं और निर्दिष्ट नहीं के रूप में सीटीएच 25309099 के अंतर्गत गलत वर्गीकृत किया गया था और सीवीडी की उगाही से छूट प्राप्त था। तथापि, एस्फाल्टम के रूप में जाना जाने वाला शिलाजीत स्टोन 'अन्य-एल्फाल्टिटस और एल्फाल्टिक रॉक' के रूप में सीटीएच 27149090 के रूप में वर्गीकरणीय है और 14 प्रतिशत की दर पर सीवीडी आकर्षित करता है। इसके परिणामस्वरूप ₹ 25.45 लाख की शुल्क राशि की कम उगाही हुई।

यह विभाग/मंत्रालय को जनवरी/2015 में बताया गया था, उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

चावल मिल रबर रोलर का चावल मिल मशीनरी के रूप में गलत वर्गीकरण

7.3 'चावल मिल रबर रोलर/धान से भूसी निकालने वाले रबर रोलर' 'रबर की अन्य वस्तुओं' के रूप में सीमाशुल्क दर शीर्ष (सीटीएच) 40169990 के अंतर्गत वर्गीकरणीय है और 10 प्रतिशत के मूल सीमाशुल्क लगाये जाने योग्य है। सीबीईसी (बोर्ड) ने दिनांक 11 जनवरी 1990 के अपने परिपत्र संख्या 2/1990-सीएक्स-3 में भी स्पष्ट किया है कि 'चावल मिल' में प्रयोग किये गये 'रबर रोल' सीटीएच 4016 के अंतर्गत वर्गीकृत किये जाने योग्य है। इसके अतिरिक्त दिनांक 17 मार्च 2012 के केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिसूचना संख्या 12/2012 (क्र.सं. 155)

स्पष्ट रूप से 'चावल मशीनरी' के लिये 'चावल रबर रोल्स' का वर्गीकरण सीटीएच 4016 के अंतर्गत करता है।

मैसर्स केबीएम इंटरनेशनल और तीन अन्य ने समुद्री सीमा शुल्क, चेन्नै के माध्यम से 'चावल मिल रबर रोलर्स/धान से भूसी निकालने वाले रबर रोलर्स' के 21 परेषणों का आयात किया (अगस्त 2013 से जनवरी 2014)। माल 'चावल मिल मशीनरी के भाग' के रूप में सीटीएच 84379020 के अंतर्गत गलत तरीके से वर्गीकृत किया गया था और आयात की अवधि के दौरान प्रचारित 7.5 प्रतिशत/2.5 प्रतिशत/शून्य दर पर मूल सीमाशुल्क के लिये निर्धारित था। इस प्रकार, गलत वर्गीकरण के परिणामस्वरूप ₹ 23.03 लाख के शुल्क की कम उगाही हुई।

इस ओर ध्यान दिलाने पर (जून 2014), विभाग ने कहा (अगस्त 2014/फरवरी 2015) कि सभी चार आयातकों (मैसर्स केबीएम इंटरनेशनल, मैसर्स ओम रबर्स, मैसर्स निर्मला एजेंसीज और मैसर्स श्रीनिवास मिल स्टोर्स) को मांग नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने यह भी कहा कि दिनांक 17 मार्च 2012 के केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिसूचना संख्या 12/2012 के आधार पर, सीटीएच 4016 के अंतर्गत 'रबर रोलर' का वर्गीकरण नियमानुकूल और उचित नहीं था और माल को धारा नोट और अध्याय के साथ पढ़कर व्याख्यात्मक नियम के अनुसार वर्गीकृत किया जाना चाहिये।

विभाग का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि :-

(i) बोर्ड ने अपने परिपत्र संख्या 2/1990-सीएक्स 3 में स्पष्ट किया है कि 'चावल मिल' में प्रयोग किये जाने वाला 'रबर रोलर' सीटीएच 4016 के अंतर्गत वर्गीकरणयोग्य है।

(ii) व्याख्यात्मक नियमावली के 3(ए) के अनुसार, शीर्ष जो सबसे अधिक विशिष्ट विवरण देता है, को अधिक सामान्य विवरण प्रदान कराने वाले शीर्षों के लिये वरीयता देनी चाहिये। 'रबर रोलर' 'चावल मिल मशीनरी के भाग' से ज्यादा अधिक विशिष्ट है।

(iii) यद्यपि, 'रबर रोलर' धातु और रबर से बना होता है, आयातित वस्तुओं का सामान्य विवरण 'रबर रोलर' है और इसलिए, माल का वर्गीकरण सीटीएच 4016 के अंतर्गत 'रबर की वस्तुओं' के रूप में किया जाना चाहिये।

(iv) कलेक्टर बनाम कोहिनूर रबर मिल्स-1993 (67) ईएलटी 816 (अधिकरण) के मामले में यह निर्णय हुआ कि चावल रबर रोल्स उप-शीर्ष 4016-99 के अंतर्गत वर्गीकरणीय है। निर्णय माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समर्थित था जैसाकि 1997 (92) ईएलटी 36(एससी) में बताया गया है।

यह विभाग/मंत्रालय को जून/2015 में बताया गया था, उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

मंत्रालय ने 2015 की प्रतिवेदन संख्या 8 (उप पैराग्राफ संख्या 6.8) में बताया गया समान आपत्ति को स्वीकार किया है (नवम्बर 2015)।

'बने हुए वस्त्र' को सिंथटिक रेशे वाले 'अन्य बने हुए वस्त्र' के रूप में गलत वर्गीकृत

7.4 'बने हुए वस्त्र' जिसमें पोलिस्टर रेशे का 85 प्रतिशत या अधिक हो, सीमाशुल्क दर शीर्ष (सीटीएच) 540761/540769 के अंतर्गत वर्गीकरणीय है और 10 प्रतिशत या 36 प्रति वर्गमीटर की दर पर बीसीडी लगाये जाने योग्य है, जो भी उच्च हो।

मैसर्स जे एंड जे ओवरसीज आइएनसी ने आईसीडी, तुगलकाबाद के माध्यम से 90 प्रतिशत पोलिस्टर रेशे और 10 प्रतिशत विस्कोस रेशे वाले पोलिस्टर विस्कोस वस्त्र के तीन परेषण आयात किये (जुलाई/सितम्बर 2014)। लेखापरीक्षा जांच से पता चला कि आयातित माल 85 प्रतिशत या अधिक वाले सिंथेटिक रेशे-रंगे हुए 'अन्य बने हुए वस्त्र' के रूप में सीटीएच 54077200 के अंतर्गत वर्गीकृत था और बीसीडी 10 प्रतिशत या ₹ 36 प्रति वर्गमीटर की उच्चतर दर के बजाए ₹ 24 प्रति वर्गमीटर पर वसूली योग्य थे। इसके परिणामस्वरूप ₹ 13.77 लाख की शुल्क राशि की कम उगाही हुई।

यह विभाग/मंत्रालय को दिसम्बर 2014 में/बताया गया था, उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

'लकड़ी की वस्तुओं' को छड़ी के विनिर्माण 'लकड़ी की छड़ी' के रूप में गलत वर्गीकरण

7.5 'लकड़ी की वस्तुएं' सीमाशुल्क दर शीर्ष (सीटीएच) 4421 के अंतर्गत वर्गीकरणीय है और 12 प्रतिशत की दर पर सीवीडी आकर्षित करती है।

मैसर्स श्री सांई ओवरसीज ने आईसीडी, तुगलकाबाद के माध्यम से 'लकड़ी की छड़ी' (आकार 74 मिमी से 114 मिमी) के छह परेषण आयात किये (अप्रैल 2014 से जुलाई 2014)। विभाग ने 'लकड़ी की छड़ी', मोटे तौर पर छांटी गई लेकिन घूमा, मुड़ा या अन्यथा छड़ी उपकरण संभाल, विभाजित पोल आदि' के विनिर्माता के लिये उपयुक्त काम नहीं करता के रूप में सीटीएच 44042010 के अंतर्गत आयातित माल वर्गीकृत किया और उसे सीवीडी में छूट दी। चूंकि आयातित लकड़ी की छड़ी आकार में काफी छोटी थी (74-114 मिमी) वह छड़ी आदि के विनिर्माता के लिये उचित नहीं हैं इसलिए 12 प्रतिशत की दर पर सीवीडी आकर्षित करते हुए 'लकड़ी की अन्य वस्तुओं' के रूप में सीटीएच 44219090 के अंतर्गत वर्गीकरणीय हैं। इसके अतिरिक्त मूल देश प्रमाण पत्र भी पुष्टि करता है कि आयातित माल सीटीएच 44219090 के अंतर्गत वर्गीकरणीय है। इस प्रकार गलत वर्गीकरण के परिणामस्वरूप ₹ 13.14 लाख शुल्क की कम उगाही हुई।

मंत्रालय ने ₹ 13.14 लाख के लिए मांग नोटिस के जारी किए जाने के बारे में सूचित किया (दिसम्बर 2015) प्रगति प्रतीक्षित है।

'कच्चे पाल्म स्टियेरिन का 'अन्य तेल' के रूप में गलत वर्गीकरण

7.6 बोर्ड ने दिनांक 26 जुलाई 2011 के सीमाशुल्क परिपत्र संख्या 31/2011 के माध्यम से स्पष्ट किया कि 'कच्चे पाल्म स्टियेरिन' सीटीएच 38231111 के अंतर्गत निर्धारित किया जाना चाहिए और अपने क्षेत्र निर्माण को तदनुसार सभी लंबित मामलों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। तदनुसार, 'आरबीडी पाल्म कर्नल स्टियेरिन' 20 प्रतिशत की दर पर

बीसीडी आकर्षित करते हुए सीमाशुल्क दर शीर्ष (सीटीएच) 38231112 के अंतर्गत वर्गीकरणीय हैं।

मैसर्स कार्गिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने जेएनसीएच न्हावा शेवा के माध्यम से 'आरबीडी पॉम कर्नल स्टियेरिन का एक परेषण आयात किया (अप्रैल 2012)। विभाग ने 20 प्रतिशत के बजाय 7.5 प्रतिशत की दर पर बीसीडी की उगाही करते हुए सीटीएच 15132910 के अंतर्गत 18 अप्रैल 2012 को अंतिम रूप से माल का मूल्यांकन किया। इसके परिणामस्वरूप ₹11.55 लाख के शुल्क की कम उगाही हुई।

इसे बताए जाने पर (मई 2015), मंत्रालय ने आयातक को मांग एवं कारण बताओं नोटिस, जारी करने के बारे में सूचित किया (जनवरी 2016)।

'वेजिटेबल सैप्स और एक्सट्रेक्ट्स' का 'अन्य एसाइक्लिक, एल्काहॉल और उनके हैलोजिनेटेड डेरिवेटिव के रूप में गलत वर्गीकरण

7.7 'वेजिटेबल सेप्स और एक्सट्रेक्ट्स' सीटीएच 1302 के अंतर्गत वर्गीकरणीय है और 15 प्रतिशत की दर पर बीसीडी आकर्षित करता है।

मैसर्स ऑरिफ्लेम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आईसीडी तुगलकाबाद के माध्यम से 'टीवाईआरओएसटीएटी 09 (पानी, ग्लिसरिन, रूमेक्स आक्सडेन्टल एक्सट्रेक्ट)' आयात किया (अक्तूबर 2013 से नवम्बर 2014)। लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि आयातित माल 'अन्य एसाइक्लिक, एल्काहॉल और उनके हैलोजनेटेड, स्लफोनेटेड, नाइट्रेटेड या नाइट्रोस्टेटेड डेरीवेटिटस' के रूप में सीटीएच 29054900 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था और 7.5 प्रतिशत की दर पर बीसीडी की उगाही की गई थी। हर्ब 'रूमेक्स आक्सडेन्टल' वेजिटेबल एक्सट्रेक्ट हैं और इसलिये सीटीएच 2905 की बजाय सीटीएच 1302 के अंतर्गत वर्गीकृत किये जाने योग्य है। इसके परिणामस्वरूप ₹ 11.27 लाख की शुल्क राशि की कम उगाही हुई।

यह दिसम्बर 2014 में विभाग/मंत्रालय के ध्यान में लाया गया था, उनका उत्तर प्रतीक्षित है (जनवरी 2016)।

नई दिल्ली **(डा. नीलोत्पल गोस्वामी)**
दिनांक: 11 फरवरी 2016 **प्रधान निदेशक (सीमाशुल्क)**

प्रतिहस्ताक्षरित

नई दिल्ली **(शशि कान्त शर्मा)**
दिनांक: 11 फरवरी 2016 **भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक**

अनुबंध

अनुबंध 1: डीआरआई द्वारा पता लगाए गए शुल्क अपवंचन के मामलें (योजना-वार)

(संदर्भ पैराग्राफ 1.17 देखें)

₹ करोड़

क्रम सं.	योजना	वि.व 11		वि.व 12		वि.व 13		वि.व 14		वि.व 15	
		मामलों की सं.	शुल्क	मामलों की सं.	शुल्क	मामलों की सं.	शुल्क	मामलों की सं.	शुल्क	मामलों की सं.	शुल्क
1	अंतिम उपयोग और दूसरी अधिसूचना का दुरूपयोग	26	100.55	54	304.84	39	67.79	38	1211.67	18	110.18
2	ईपीसीजी का दुरूपयोग	10	3.33	6	25.72	13	179.55	22	583.08	49	289.11
3	कम मूल्यांकन	197	132.12	184	466.17	210	282.43	140	432.71	85	285.64
4	गलत घोषणा	91	110.19	111	844.44	298	2392.26	102	224.22	52	172.42
5	फिरती	102	81.42	13	25.93	71	1590.14	17	80.50		
6	इओयू/ईपीजेड/सेज का दुरूपयोग	4	0.04	6	9.66	7	39.07	3	6.90	6	37.50
7	डीईपीबी का दुरूपयोग	34	3.80	26	23.93	16	22.77	5	3.09		
8	डीईईसी/अग्रिम लाइसेंस का दुरूपयोग	18	264.62	1	0.10	6	139.73	1	0	11	1077.15
9	अन्य	99	130.40	97	27.43	49	28.92	366	570.55	186	953.54
	जोड़	**581**	**826.47**	**498**	**1728.22**	**709**	**4742.66**	**694**	**3112.72**	**407**	**2925.54**

अनुबंध 2:विनिर्दिष्ट वस्तुओं की जब्ती
(संदर्भ पैराग्राफ 1.18)

₹. करोड़

